RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक
# श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

वर्ष- 14, अंक - 10 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 22 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




## खास खबर



### मुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप धनतेरस पर अपने निवास पर धान की झालर बांधने की रस्म की पूरी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में दीपावली की सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप आज धनतेरस पर अपने निवास के द्वार पर धान की झालर बांधने की रस्म पूरी की।

दीपावली के दौरान खेतों में जब नयी फसल पककर तैयार हो जाती है, तब ग्रामीण धान की नर्म बालियों से कलात्मक झालर तैयार करते हैं। इनसे घरों की सजावट कर वे अपनी सुख और समृद्धि के लिए मां लक्ष्मी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हें पूजन के लिए आमंत्रित करते हैं। ऐसा लोक विश्वास है कि उनका यह आमंत्रण उन चिड़ियों के माध्यम से देवी तक पहुंचता है, जो धान के दाने चुगने आंगन और द्वार पर उतरती हैं। इस तरह प्रदेश की लोक-संस्कृति अपनी खुशियों को प्रकृति के साथ बांटती है और उसे सहेजती है। छत्तीसगढ़ में बस्तर से लेकर सरगुजा तक धान की झालर घर के आंगन और द्वार पर लटकाए जाने की परंपरा है। जिसे पहटा अथवा पिंजरा भी कहा जाता है।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी धनतेरस की बधाई और शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को धनतेरस पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने धनतेरस की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में कहा है कि धनतेरस से दीपावली पर्व की शुरूआत हो जाती है। इस दिन धन, समृद्धि और ऐश्वर्य के लिए धन के देवता कुबेर के साथ भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है। श्री बघेल ने धनतेरस पर प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि धनतेरस का त्यौहार सबके जीवन में खुशहाली और आरोग्य लेकर आए। साथ ही उन्होंने अपील की है कि इस दीवाली हमारे कुम्हारों, शिल्पकारों जैसे हुनरमंदों और महिला समूहों, छोटे व्यवसायियों से दीये, सजावट की वस्तुएं और अन्य सामानों की खरीद कर उनकी दीवाली भी खुशहाल बनायें। सभी खुश रहें, स्वस्थ रहें और खुशियां बांटे।

# छत्तीसगढ़ में तीन दिनों तक दिखेगी आदिवासी संस्कृति की झलक

- राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय कलाकारों के बीच होगी कलाओं की साझेदारी: मुख्यमंत्री भूपेश बघेल
- नई दिल्ली में टूरिज्म कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री हुए शामिल
- नौ देशों सहित विभिन्न राज्यों के 1500 जनजातीय कलाकार करेंगे शिरकत




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम एक से तीन नवम्बर तक साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होगा। महोत्सव में नौ देशों के जनजातीय कलाकारों सहित 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 1500 से अधिक कलाकार भाग लेंगे।

नई दिल्ली में आयोजित टूरिज्म कॉन्क्लेव के दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से न केवल राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय कलाकारों के बीच उनकी कलाओं की साझेदारी होगी, बल्कि वे एक-दूसरे के खान-पान, रीति-रिवाज, शिल्प-शैली को भी देख-समझ सकेंगे। इन प्रयासों के क्रम में हमने नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल के रूप में एक बहुत महत्वपूर्ण परंपरा की शुरुआत छत्तीसगढ़ में की है। हमारा यह प्रयास न केवल छत्तीसगढ़ के लिए, बल्कि देश और पूरी दुनिया के जन-जातीय समुदायों के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सीएम बघेल ने कहा कि वनवासियों, आदिवासियों, किसानों, ग्रामीणों और वंचित वर्ग के लोगों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में कला, संस्कृति और पर्यटन को हमने एक मजबूत संसाधन के तौर पर इस्तेमाल किया है, और इसके बढ़िया परिणाम भी हमें मिले हैं। आयोजन के दौरान श्री बघेल ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ की ओर से नौ देशों को आमंत्रण पत्र भेजा गया है। ये सभी देश पहली बार रायपुर में अपनी प्रस्तुति देंगे। इस आयोजन में मोजांबिक, मंगोलिया, टोंगो, रशिया, इंडोनेशिया, मालदीव, सर्बिया, न्यूजीलैंड और इजिप्ट के जनजातीय कलाकार हिस्सा लेंगे।

वहीं, दिल्ली पहुंचने वाले विदेशी मेहमानों को छत्तीसगढ़ तक लाने-ले जाने और उनकी मेहमान-नवाजी में इंडियन काउंसिल ऑफ कल्चरल रिलेशन, दिल्ली (आई.सी.सी.आर) सहयोगी होगा। इस दौरान श्रम एवं समाज कल्याण मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष श्री अनिल साहू सहित छत्तीसगढ़ के अन्य अधिकारी शामिल रहे।

### राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भेजा गया न्योता

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री एवं राज्यपालों को आमंत्रित करने के लिए छत्तीसगढ़ के मंत्रीगण एवं प्रशासनिक अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से भेजा जा रहा है।

### राष्ट्रीय महोत्सव के लिए दो थीम तय

इस बार आदिवासी नृत्य महोत्सव में दो थीम रखी गई है। पहली थीम है 'फसल कटाई पर होने वाले आदिवासी नृत्य' और दूसरी थीम है 'आदिवासी परम्पराएँ और रीति- रिवाज'। विजेताओं को कुल 20 लाख रुपए के पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा। प्रथम स्थान के लिए 05 लाख रुपए, द्वितीय स्थान के लिए 03 लाख रुपए और तृतीय स्थान के लिए 02 लाख रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे।



## व्यापारी से 1.44 करोड़ की ठगी कोयला खरीदी का हुआ था एग्रीमेंट मिला सिर्फ 53 लाख का

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर में एक कोयला व्यापारी से 1.44 करोड़ रुपये की ठगी कर ली गई। कोयला व्यापारी ने मध्य प्रदेश के इंदौर की एक कंपनी से 20 हजार टन कोयला खरीदने का एग्रीमेंट किया था, लेकिन उसे सिर्फ 53 लाख रुपये का ही कोयला सप्लाई किया गया। काफी समय बाद भी जब पूरे कोयले की सप्लाई नहीं मिली तो व्यापारी ने सीएसपी कार्यालय में इसकी शिकायत की। जांच के बाद पुलिस ने कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मामला कोतवाली क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, शहर के बड़े व्यावसायी संजय मित्तल की कंपनी मेसर्स हिंद यूनाइटेड प्राइवेट लिमिटेड कोयला खरीद-बिक्री का काम करती है। इसके लिए इंदौर की कंपनी सहज विश्वास ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर मोहित पांडेय के साथ लंबे समय से कारोबार कर रही है। संजय मित्तल ने 20 हजार टन कोयला खरीदने के लिए मोहित पांडेय की कंपनी से एग्रीमेंट किया था। इसकी एवज में जून 2019 से सितंबर 2020 तक कंपनी के खाते में 1 करोड़ 97 लाख 36 हजार 972 रुपए ट्रांसफर किए।

संजय मित्तल ने पुलिस को बताया कि दोनों कंपनियों के बीच नवंबर 2019 में कोयला खरीदी को लेकर एग्रीमेंट हुआ था। आरोप है कि इसके बाद मोहित पांडेय की कंपनी ने 53 लाख 14 हजार 645 रुपये का ही कोयला भेजा। शेष राशि 1 करोड़ 44 लाख 22 हजार रुपये का कोयला आज तक नहीं पहुंचा। इसके लिए उन्होंने कई बार मोहित पांडेय से संपर्क किया। आरोप है कि न तो मोहित की कंपनी ने कोयला भेजा और न ही रुपये लौटा रहा है।

## धनतेरस पर सोना कमजोरी के बावजूद पिछली बार से महंगा, फिर भी बढ़ सकती है बिक्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** धनतेरस के साथ दीपोत्सव की शुरुआत हो गई है। कोविड महामारी के बाद पहली बार लोग सुकून से दिवाली मनाने की तैयारी कर रहे हैं। धनतेरस के दौरान हमारे देश में लंबे समय से सोना खरीदने की परंपरा रही है, और सोने की कीमतों में हाल के दिनों में कमजोरी दिखी है। बाजार भी इसकी कीमतों पर टकटकी लगाए हुए है। घरेलू बाजार में 22 कैरेट और 24 कैरेट सोना गिरावट के साथ क्रमशः 46,350 रुपये और 50,600 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा है। कई जानकार धनतेरस और दिवाली के दौरान सोने की कीमतों में कमजोरी को खरीदारी का मौका मान रहे हैं। हालांकि चांदी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह 56,100 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा है।



### पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 2696 रुपये महंगा सोना

दिल्ली में वर्तमान में 24 कैरेट सोना 50,600 जबकि 22 कैरेट सोना 46,350 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। सोने की ये कीमतें कमजोरी के बावजूद पिछले वर्ष के धनतेरस की तुलना में अधिक हैं। पिछले वर्ष धनतेरस नवंबर महीने में पड़ा था। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले वर्ष 2 नवंबर को धनतेरस के दिन 24 कैरेट सोने का भाव 47904 रुपये रहा था। ऐसे में इस वर्ष 24 कैरेट सोना पिछले वर्ष की तुलना में 2696 रुपये अधिक कीमत पर बिक रहा है।

### अलग-अलग राज्यों में सोने के अलग-अलग भाव

देश के अलग-अलग सोना अलग-अलग भाव पर बिक रहा है। चेन्नई में सोने के भाव सबसे ज्यादा हैं, उसकी तुलना में मुंबई और कोलकाता में सोने की कीमतें स्थिर हैं। सोने पर राज्य सरकारें अलग से लेवी और टैक्स लगाती है। इसके अलावे ग्राहकों को ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और जीएसटी का भुगतान भी अलग से करना पड़ता है। शनिवार को 24 कैरेट गोल्ड की कीमतें मुंबई और कोलकाता में 50,450 रुपये है, जबकि 22 कैरेट सोना 46,250 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव पर बिक रहा है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 50,600 जबकि 22 कैरेट सोना 46,350 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। देश में सबसे महंगा सोना चेन्नई में हैं। चेन्नई में 24 और 22 कैरेट सोना क्रमश: 50,900 और 46,650 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव पर बिक रहा है।

## चमोली में भूस्खलन से तीन मकान क्षतिग्रस्त एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**कर्णप्रयाग (एजेंसी)।** चमोली जिले के थराली तहसील के पैनगढ़ गांव में शनिवार तड़के पहाड़ी पर भूस्खलन के बाद गिरे बोल्डरों से तीन मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इनमें से एक मकान के ऊपर भारी बोल्डर गिरा, जिससे मकान में रह रहे एक ही परिवार के चार लोगों की दबने से मौके पर ही मौत हो गई है।



घटना स्थल पर पुलिस, एनडीआरएफ एसडीआरएफ की ओर से रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। चारों शव मलबे से बाहर निकाल दिए गए हैं। घटना में दो लोग घायल हुए हैं। उन्हें सीएचसी थराली में इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

थराली के पटवारी चंद्रसिंह बुटोला ने बताया तहसील के पैनगढ़ गांव के ऊपर लगातार हो रहे भूस्खलन से भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर गिर रहे हैं। एक भारी बोल्डर चट्टान से निकलकर आवासीय क्षेत्र के ऊपर गिर गया। जिससे बोल्डर की चपेट में आने से एक मकान पूरी तरह से जमींदोज हो गया और उसमें रहने वाले चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है।

## हेलिकॉप्टर क्रैशः अब तक चार शव बरामद, 5वें की तलाश जारी, घने जंगल और पहाड़ बने चुनौती

**ईटानगर (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश में सेना के हेलिकॉप्टर क्रैश में 5 जवानों की मौत हो गई है। अब तक 4 शव बरामद कर लिए गए हैं। इस दुखद घटना की जांच शुरू हो गई है। खबर है कि हादसे से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोल यानी एटीसी को कॉल आया था, जिसमें तकनीकी खराबी की सूचना दी गई थी। 21 दिनों में यह तीसरा मौका है, जब कोई सैन्य उड़ान हादसे का शिकार हुई है।




शुक्रवार को भारतीय सेना का एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर (ALH) मिगिंग इलाके में क्रैश हो गया था। हादसे के तुरंत बाद ही भारतीय थल सेना और वायुसेना के दलों ने तलाशी अभियान और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था। हालांकि, घने जंगल और खड़ी पहाड़ों के चलते काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। खबरें थी कि घटनास्थल तक पहुंचने के लिए कोई सड़क मार्ग भी नहीं था।

घटना के वक्त हेलिकॉप्टर में पांच जवान सवार थे। इनमें से 4 के पार्थिव शरीर बरामद कर लिए गए हैं। वहीं, 5वें पार्थिव शरीर को खोजने का काम जारी है। बताया जा रहा है कि उस दौरान मौसम उड़ान के लिहाज से बेहतर था। और साथ ही पायलट्स को मिलाकर 600 घंटे की उड़ान का अनुभव था।

## धनतेरस पर भुलाए गए भगवान धनवंतरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

गुस्ताखी माफ - दीपक रंजन दास

आज धनतेरस है, भगवान धनवंतरी का प्राकट्यदिवस. धनवंतरी को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा का देवता माना गया है. समुद्र मंथन के दौरान आज ही के दिन धनवंतरी अमृत कलश के साथ प्रकट हुए थे. समय के साथ धनवंतरी भुला दिए गए, पूरा फोकस अमृत कलश पर चला गया. इसमें भी अमृत को भुला दिया गया केवल कलश पर बात आकर ठहर गई. कलश पीतल का था या सोने का, यह तो पता नहीं पर पीले रंग की धातु को ही प्रधान मान लिया गया. आज धनतेरस का मतलब केवल खरीदी है. जेवरों की, बर्तनों की, गाड़ियों की और धातु से बनी अन्य सामग्रियों की खरीदी के लिए बाजारों में आज और कल भारी भीड़ उमड़ने वाली है. बीते दो साल कोरोना की भेंट चढ़ गए, इसलिए इस बार जोश कुछ ज्यादा है. पर पिछले दो साल का सबक याद नहीं रहा, जब सांस की तकलीफके चलते लोगों को अस्पतालों में दाखिल होना पड़ा और लाखों रुपए खर्च करने पड़े थे. कुछ लोगों के बर्तन-जेवर बिक गए, घर गिरवी पड़ गए. इसके बाद भी सभी लोगों की जान बचाना संभव नहीं हो पाया. इन दो सालों ने एक सबक तो साफ तौर पर दिया था. पहला यह कि अपने सामान्य स्वास्थ्य का ध्यान रखिए. आपके सिक्स पैक हैं या नहीं, बीएमआई ठीक है या नहीं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता. फर्क इससे पड़ता है कि आपका इम्यून सिस्टम कितना चौकस है. आप कितना कूड़ा करकट खा और पचा सकते हो. वायरस और बैक्टीरिया संक्रमण से लड़ने की आपकी क्षमता कैसी है. डायबिटीज और हाइपरटेंशन जैसी लाइफस्टाइल बीमारियां भी जान ले सकती हैं, इसका अंदाजा भी आपको हो गया था. अच्छे स्वास्थ्य में संतुलित भोजन के साथ ही सही दिनचर्या और पर्याप्त विश्राम का बहुत बड़ा योगदान होता है. दूसरा यह कि इलाज कराने के लिए अंटी का जोर सबसे ज्यादा जरूरी है. इसलिए सबसे पहले अपने इलाज की व्यवस्था कर लें. आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने काफी तरक्की की है. ऐसे-ऐसे मरीजों की जान बचाई जा सकती है जिनके बारे में सारी उम्मीदें खत्म हो चुकी हों. पर यह सेवा मुफ्त में नहीं आती. इसकी एक कीमत है. यह एवीडेंस बेस्ट ट्रीटमेंट का दौर है. इलाज शुरू करने से पहले जांच पर ही अच्छी खासी रकम खर्च हो जाती है. देश के 90 फीसदी लोग चिकित्सा का खर्च उठाने में सक्षम नहीं है. ऐसे में काम आ सकती है स्वास्थ्य बीमा योजनाएं. खूब ठोंक बजा कर एक अच्छा सा हेल्त इंश्यूरेंस प्लान खरीदना सबसे पहले जरूरी है. धनतेरस पर सोना, चांदी या गाड़ी बाद में खरीदें, यदि नहीं है तो सबसे पहले अपने और अपने परिवार के लिए एक स्वास्थ्य बीमा खरीदें. खरीदने से पहले जितना संभव हो, उसकी सर्विस के बारे में पड़ताल कर लें. कैशलेस का मतलूब पूरी तरह कैशलेस होना चाहिए. बेवकूफबनाने वाली बीमा कंपनियों से बचें जो ऐन वक्त पर हाथ खड़े कर देती हैं. भगवान धन्वंतरी आपको स्वस्थ रखे, निरोग रखे.



## संपादकीय

# स्थानीयता का समर्थन

धनतेरस से ठीक पहले स्थानीय उत्पाद खरीदने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील सुखद और स्वागतयोग्य है। अव्वल तो प्रधानमंत्री ने इशारा किया है कि वह चीन की सीमा के पास से अपील कर रहे हैं और दूसरी ओर, उन्होंने दिवाली के ठीक पहले स्थानीय उद्योगों के उत्पादों की ओर लोगों का ध्यान खींचा है। यह बात छिपी नहीं है कि दिवाली के समय खूब खरीद-बिक्री होती है। एक-एक दुकानदार सामान्य दिनों से दोगुना तक सामान बेच लेता है। ऐसे में, अगर स्थानीय सामान खरीदने के प्रति लोग सजग हुए, तो आधे से ज्यादा सामान आसानी से स्थानीय लिए जा सकते हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री ने संकोच के साथ कम से कम पांच प्रतिशत स्थानीय उत्पाद खरीदने की अपील की है। मतलब, कम से कम पांच प्रतिशत की खरीद पच्चीस या पचास प्रतिशत तक भी हो सकती है। बताने की जरूरत नहीं कि बाजार में दिवाली से जुड़े करीब नब्बे प्रतिशत विदेशी उत्पाद उपलब्ध हैं। लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति से लेकर सजावट के सामान तक विदेशी हैं, ऐसे में, प्रधानमंत्री की अपील भले ही पर्यटन केंद्रों व पर्यटकों को संबोधित है, लेकिन इसका असर समूचे बाजार पर पड़ सकता है। पिछले कुछ समय में लोग स्वदेशी उत्पादों के प्रति कुछ जागरूक तो हुए हैं, लेकिन विदेश से होने वाला आयात घट नहीं रहा है।

> “ लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति से लेकर सजावट के सामान तक विदेशी हैं, ऐसे में, प्रधानमंत्री की अपील भले ही पर्यटन केंद्रों व पर्यटकों को संबोधित है, लेकिन इसका असर समूचे बाजार पर पड़ सकता है। पिछले कुछ समय में लोग स्वदेशी उत्पादों के प्रति कुछ जागरूक तो हुए हैं, लेकिन विदेश से होने वाला आयात घट नहीं रहा है।

प्रधानमंत्री ने साफ कहा है कि मैं 'वोकल फॉर लोकल' के लिए प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री और इस देश के अनेक नेताओं ने पहले भी स्थानीय उत्पादों को तरजीह देने की अपील की है, लेकिन वास्तव में विदेशी उत्पादों के प्रति हमारा मोह बार-बार आड़े आ रहा है। आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हमारे कमजोर कदम हमें चिंता में डाल रहे हैं। सामरिक उत्पादों को छोड़ दीजिए, धनतेरस, दिवाली, होली जैसे त्योहार मनाने के मोर्चे पर भी हम आत्मनिर्भर नहीं हैं। स्थानीय उत्पाद खरीदने से न केवल गरीबी कम होती है, बल्कि देश भी आत्मनिर्भर होता है। वैसे, पर्यटन पर जाने वाले लोग देशी-विदेशी या बाहरी-स्थानीय के बारे में नहीं सोचते हैं, स्थानीय उत्पाद खरीदना तो एक आदत है, देश के विकास के लिए इस आदत को अपने संस्कार में ढाल लेना कतई गलत नहीं होगा। लोगों से अपील अपनी जगह है, लेकिन सरकारों को भी स्थानीय स्तर पर ज्यादा से ज्यादा खरीदारी करनी चाहिए। ऐसा न हो कि सरकारें स्वयं तो ज्यादा से ज्यादा विदेशी सामान खरीदें और आत्मनिर्भरता की नसीहत दूसरे तमाम लोगों के लिए आरक्षित रखें। वास्तव में, आत्मनिर्भरता भी एक आदत है, जिसे बढ़ावा मिलना चाहिए। गौर से देखना चाहिए, दिवाली पर तमाम सरकारी कार्यालयों में जो सजावट हो रही है, क्या उसमें सारा सामान स्वदेशी लगा है? धनतेरस या दिवाली पर तमाम तरह के उत्पादकों को भी बेहतर उत्पादन के लिए प्रेरित होना चाहिए। लक्ष्य केवल कमाई नहीं है, उत्पाद अच्छा होना चाहिए। कुल मिलाकर, जिन देशों के उत्पाद अच्छे और सस्ते हैं, लोग उधर ही जा रहे हैं। केवल यह कह देना कि विदेश से आ रहे उत्पादों की गुणवत्ता ठीक नहीं है, एक मामूली बहाना भर है। दुकानदारों को भी अच्छे स्थानीय उत्पादों को ही खोजकर अपनी दुकान से बेचना चाहिए। भारत में यह काम मुश्किल नहीं है। हमने देखा है कि अनेक विदेशी वाहन निर्माता कंपनियों को बोरिया बिस्तर बांधकर भारत से विदा होना पड़ा है, क्योंकि हमारे पास ऐसे वाहन उत्पादक हैं, जो आत्मनिर्भरता के मार्ग पर देश का नेतृत्व कर रहे हैं।

## समयबद्ध योजना बनाएं

बिना सुनियोजित कार्य-योजना के जीवन के किसी भी विशिष्ट कार्य को अंतिम रूप नहीं दिया जा सकता अथवा लक्ष्य तक नहीं पहुंचा जा सकता। यह कार्य-योजना केवल युवाओं या नौकरी-पेशा लोगों के लिए ही आवश्यक नहीं है, बल्कि उन सबके लिए भी जरूरी है, जो व्यवस्थित तरीके से अपने जीवन-लक्ष्य को पाना चाहते हैं। ब्रिटेन की केंट यूनिवर्सिटी 'करियर ऐंड इंप्लोएबिलिटी सर्विस' के शोधों का मानना है कि जीवन में किस समय हम क्या बनना चाहते हैं, इसके लिए परम आवश्यक है एक व्यवस्थित कार्य-योजना... केवल भविष्य के प्रति चिंतित होना अच्छी बात नहीं है, बल्कि इससे अधिक जरूरी है उन चिंताओं और अपेक्षाओं पर जीत पाने के लिए भौतिक व मानसिक रूप से तैयार होना। हमें मालूम हो कि हमारे लक्ष्य क्या हैं, उन तक पहुंचने के मार्ग क्या-क्या हैं, उन तक कैसे पहुंचा जा सकता है? कोलंबिया की यूनिवर्सिटी ऑफ मिस्सॉरी के प्रख्यात मनोविश्लेषक, प्रोफेसर डेनियल टरबन ने नौकरी ढूंढ़ने वाले 327 लोगों का एक गहन अध्ययन किया और पाया कि नौकरी ढूंढ़ने में सबसे पहले बनाई गई कार्य-योजना ही उनकी सफलता का सेतु सिद्ध हुई।

चर्चित विद्वान वेनेस्सा जैकमैन और क्लेयर मेक्डोवेल ने अपनी किताब एक्शन प्लान फॉर आईईएलटीएस में विद्यार्थी जीवन से लेकर बाद के जीवन में सफलता का मुकाम हासिल करने के कारगर व व्यावहारिक मापदंडों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण किया। इस पुस्तक में कार्य-योजना से लेकर अंतिम मंजिल तक पहुंचने की राहों का विस्तृत वर्णन किया गया है।

> “ श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर को आज पूरे एक साल हो गये है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले साल 20 अक्टूबर को राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से वर्चुअल (वीडियों कांफ्रेंसिंग) के जरिए छत्तीसगढ़ में 84 श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारम्भ किया। जिसमें जिला मुख्यालय महासमुंद में स्थापित धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर भी शामिल था।

# धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल योजना बनी जीवनदायनी

शशिरत्न पाराशर

उचित मूल्य पर जेनेरिक दवाईयां एवं सर्जिकल सामान, उपलब्ध कराने के लिये धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स की स्थापना बीते वर्ष 2021 में आज ही के दिन की गई है। जिसे आज 20 अक्टूबर को पूरे एक साल हो गये। इन एक साल में महासमुंद ज़िले में स्थापित 6 इन धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स से 35646 नागरिकों को ख्याति प्राप्त कंपनियों की 56 लाख 80 हजार 412 रुपए बाजार मूल्य की दवाईयों पर 31 लाख 17 हज़ार 959 रूपये की छूट देते हुए लाभान्वित किया गया है। दवाईयाँ, सर्जिकल सामान कम कीमत पर खरीदा। यह योजना नहीं होती तो खरीदी गयी दवाइयां उन्हें 57 लाख 80 हज़ार रुपये की मिलती। यानी कि इन लाभार्थियों को 31 लाख रुपये की बचत हुई। जो ये बचत राशि उनके अन्य ज़रूरत के काम में आ रही है। अब तक सबसे अधिक 14875 नागरिक दवाइयाँ लेने पहुंचे। वही पिथौरा में 9129 नागरिक मेडिकल से दवाइयां लेने आये। तुमगांव में 5452,सरायपाली में



3271, बागबाहरा में 1812 और बसना जेनेरिक दवाईयां लेने पहुंचे।

आज महासमुंद के धन्वंतरी मेडिकल स्टोर पर दवाइयां लेने आए शुभम् मिश्रा ने बताया कि वह परसेटामोल टेबल, विटामिन और आयराइन की टेबल लेने आये तो उन्होंने चर्चा में बताया कि उन्हें सर्दी है मौसमी बीमारी में अन्य मेडिकल पर 400-450 की दवाइयां यहां 160-170 में मिल गयी थी। अब वह और उनके परिजन, दोस्त अन्य पड़ौसी भी बीमारी की दवाइयां यही से ख़रीदते है। कुछ दवाइयां नहीं मिल पाती पर ज़रूरत की दवाइयां कम कीमत पर मिल जाती है। वही मोहम्मद अपनी माँ के लिए दवाइयां लेने पहुंचे उन्होंने भी धन्वंतरी मेडिकल को ग़रीबों के लिए जीवनदायनी बताया। तो बागबाहरा की सर्दी बुख़ार से पीड़ित सावित्री साहू ने बताया कि दूसरे मेडिकल पर बहुत महंगी दवाइयां देते है लेकिन यहां वही दवाई कम क़ीमत पर मिल रही है। इससे पैसे की भी बचत हो रही है। स्टोर्स के संचालक का कहना था कि इस वर्ष मौसमी बीमारी की दवाइयां काफी पीड़ित लोग लेने आये। जो दवाइयां उपलब्ध नहीं होती उन्हें बाद में लेकर उपलब्ध करा दिया जाता है।

श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर को आज पूरे एक साल हो गये है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले साल 20 अक्टूबर को राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से वर्चुअल (वीडियों कांफ्रेंसिंग) के जरिए छत्तीसगढ़ में 84 श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारम्भ किया। जिसमें जिला मुख्यालय महासमुंद में स्थापित धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर भी शामिल था। बाद में जिले के शेष 5 नगरीय क्षेत्र बागबाहरा, पिथौरा, बसना, सरायपाली और तुमगांव में खोलें गए। इस योजना के तहत इन सभी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से उपभोक्ताओं को ब्रांडेड कम्पनियों की गुणवत्तापूर्ण दवाईयां सस्ते दर पर उपलब्ध हो रही है। सभी लाभार्थियों को औसतन 55-60 प्रतिशत कम कीमत पर दवा मिली।

आम जनता को दवाइयों की मैक्सिमम रिटेल प्राईस (एमआरपी) न्यूनतम 50.09 प्रतिशत और अधिकतम 71 प्रतिशत छूट का लाभ मिल रहा है। इन सभी दुकानों में 250 से अधिक प्रकार की दवाईयॉ, सर्जिकल सामग्री एवं लघु वनोपज की सामग्रियां कम कीमत पर आम जनता को उपलब्ध हो रही है। दवाईयों के होम किट और ट्रेवल किट की भी बिक्री की जा रही है। दवाईयों की होम किट की कीमत 699 रुपए है, जो इन मेडिकल स्टोर में 290 रुपए की मूल्य पर तथा ट्रेवल किट जिसकी कीमत 311 रुपए है वह 130 रुपए में उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो रही है।

इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच रहा है। इससे दवाईयों पर होने वाले खर्च का बोझ भी लोगों पर कम हो रहा है। इस योजना का संचालन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। यह विभाग मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का संचालन पहले से ही कर रहा है।

# छत्तीसगढ़ में हरियाली के साथ बढ़ेगी किसानों की आय

आनंद सोलंकी, घनश्याम केशरवानी

घटती हरियाली, धरती के बढ़ते तापमान और पर्यावरण प्रदूषण ने आज दुनिया के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या पैदा कर दी है। पृथ्वी के बढ़ते तापमान से जहां जलवायु और मानव जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं कृषि उत्पादन पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। वनस्पतियों की कई प्रजातियों के लुप्त होने का खतरा पैदा हो गया है। इस वैश्विक समस्या के समाधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लम्बे समय से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इनका अपेक्षित प्रभाव नजर नहीं आ रहा है। हाल के वर्षों में दुनिया के कई हिस्से हीट वेव से प्रभावित हो रहे हैं।

चवालिस प्रतिशत वनों से आच्छादित भूमि वाला छत्तीसगढ़ देश के आक्सीजोन के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यूं तो छत्तीसगढ़ में हर वर्ष बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसी कड़ी में एक नई पहल करते हुए राज्य में क्लाइमेट चेंज के प्रभावों को कम करने और हरियाली के प्रसार के साथ साथ किसानों की आय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना की शुरूआत की है। छत्तीसगढ़ में 1 जून 2021 से लागू की गई इस योजना' से किसानों और अन्य भू-धारकों को जोड़ने के लिए कई व्यावहारिक कदम उठाए गए हैं। किसानों को जोड़ने और उनकी आय सुनिश्चित करने के लिए वृक्ष कटाई के नियम सरल किए गए हैं।

इस योजना से जहां वृक्षों से मिलने वाली बहुमूल्य लकड़ी और फलों से आय अर्जित करने का नया जरिया किसानों और भू-स्वामियों को मिलेगा, वहीं इससे काष्ठ के उत्पादन में वृद्धि होगी। इससे



रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे। इस योजना से निजी भूमि, खाली पड़ी जमीन पर हरियाली बढेगी, आसपास का वातावरण स्वच्छ होगा, इमारती लकड़ी, गैर इमारती लकड़ी, जलाऊ लकड़ी के लिए जंगलों पर दवाब कम होगा और हमारे बहुमूल्य वनों का संरक्षण भी हो सकेगा। साथ ही भू-जल स्तर में भी वृद्धि होगी।

निजी भूमि पर किसान, वन अधिकार मान्यता पत्र प्राप्त हितग्राही पट्टे की जमीन पर, गैर वनीय क्षेत्रों की खाली जमीन पर शासकीय विभागों एवं ग्राम पंचायतों, वन प्रबंधन समितियों द्वारा इमारती, गैर इमारती प्रजातियों के वृक्षों, फलदार वृक्ष, लघु वनोपज, और औषधिय प्रजातियों के वृक्षों का रोपण इस योजना में किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ के सभी नागरिक, सभी ग्राम पंचायतें एवं संयुक्त वन प्रबंधन समितियां इस योजना का लाभ ले सकती हैं। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत किसानों के लिए यह प्रावधान किया गया है कि जिन किसानों ने पिछले खरीफ सीजन में धान की फसल ली है, यदि वे धान की फसल के बदले अपने खेतों में वृक्षारोपण करते हैं, तो उन्हें आगामी 3 वर्षों तक प्रतिवर्ष 10 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

ग्राम पंचायतें यदि अपने पास भूमि एवं राशि से वाणिज्यिक वृक्षारोपण करती है, तो एक वर्ष बाद सफल वृक्षारोपण की दशा में संबंधित ग्राम पंचायतों को शासन की ओर से 10 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इससे भविष्य में पंचायतों की आय में वृद्धि हो सकेगी। इसी तरह संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के पास उपलब्ध राशि से यदि वाणिज्यिक आधार पर राजस्व भूमि पर वृक्षारोपण किया जाता है, तो पंचायत की तरह ही संबंधित समिति को एक वर्ष बाद वृक्षारोपण सफल होने पर 10 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वृक्षों को काटने व विक्रय का अधिकार संबंधित समिति का होगा। वृक्षारोपण करने वाले किसानों, ग्राम पंचायतों और वन प्रबंधन समितियों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए सीधे उनके खातों में राशि देने का प्रावधान योजना में किया है।

भू-स्वामियों द्वारा स्वयं के खाते में कृषि के रूप में रोपित वृक्षों और प्राकृतिक रूप से उगे वृक्षों के कटाई के नियमों का सरलीकरण किया गया है। अब स्वयं की भूमि पर रोपित किए गए वृक्षों की कटाई के लिए भू-स्वामी को एसडीएम को केवल सूचना देनी होगी। इसमें यह ध्यान रखा गया है कि किसानों और भू-स्वामियों को वृक्ष कटाई के लिए शासकीय कार्यालयों के चक्कर काटना नहीं पड़े इसलिए अनुमति देने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। वृक्षों की कटाई से मिलने वाली लकड़ी की कीमत भी एक माह की अवधि में दिलाने के प्रावधान शामिल किए गए हैं।

वृक्ष प्राकृतिक रूप से उगे होने की स्थिति में वृक्षों की कटाई के लिए भू-स्वामी को एसडीएम से लिखित अनुमति प्राप्त करनी होगी। प्राकृतिक रूप से उगे वृक्ष की कटाई के लिए एसडीएम को आवेदन देने के बाद राजस्व तथा वन विभाग का अमला निरीक्षण कर 30 दिन में प्रतिवेदन देगा। एसडीएम आवेदन प्राप्ति के 45 दिन के भीतर अपनी अनुशंसा आवेदक तथा वन मंडलाधिकारी भेजेंगे, लिखित अनुशंसा नहीं मिलने पर स्मरण हेतु आवेदन दिया जाएगा, यदि अगले 30 कार्य दिवस में लिखित निर्णय प्राप्त नहीं होता है, इसे अनुशंसा मानकर आवेदक अपनी जमीन पर उपजे वृक्षों की कटाई के लिए स्वतंत्र होगा। एक कैलेण्डर वर्ष में एक खाते में प्राकृतिक रूप से उगे चार वृक्ष प्रति एकड़ के मान से अधिकतम 10 वृक्षों की कटाई के लिए एसडीएम अनुशंसा कर सकेंगे।

भू-स्वामी द्वारा अपने खाते में कृषि के रूप में रोपित वृक्षों की कटाई के लिए एसडीएम एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी को कटाई से एक माह पूर्व निर्धारित प्रारूप में सूचना देना होगा। जिसका दस्तावेजी एवं भौतिक सत्यापन पटवारी एवं वनपाल के माध्यम से कराया जाएगा। भू-स्वामी द्वारा लिखित में इच्छा व्यक्त करने पर रोपित वृक्षों की कटाई वन विभाग द्वारा की जा सकेगी। वन मंडलाधिकारी द्वारा प्राकृतिक रूप से उगे वृक्षों के कटाई के संबंध में सक्षम अनुशंसा और भू-स्वामियों द्वारा स्वयं के खाते में कृषि के रूप में रोपित वृक्षों की कटाई के लिए लिखित रूप में इच्छा व्यक्त किए जाने पर आवेदन प्राप्ति के 30 कार्य दिवस के भीतर निर्धारित दर पर लकड़ी के मूल्य की गणना कर मूल्य का 90 प्रतिशत भू-स्वामी के बैंक खाते में और 10 प्रतिशत वन विभाग के खाते में जमा करेंगे। वन विभाग में जमा की जाने वाली राशि से प्रत्येक काटे जाने वाले वृक्ष के 10 गुना संख्या में वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण एवं उनका रख-रखाव किया जाएगा।

आने वाले समय में वाणिज्यिक, औद्योगिक वृक्षारोपण को प्रोत्साहन मिलने के साथ, पर्यावरण में सुधार, जलवायु परिवर्तन के विपरीत प्रभावों को कम करने तथा वृक्षारोपण के माध्यम से कृषकों की आय में वृद्धि करते हुये उनके आर्थिक सामाजिक स्तर में सुधार लाने में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना मील का पत्थर साबित होगी।

# प्रियंका कब शामिल होंगी यात्रा में?

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के 40 दिन से ज्यादा हो गए। कांग्रेस के तमाम बड़े नेता कई कई बार इस यात्रा में शामिल हो चुके। परंतु अभी तक प्रियंका गांधी वाड्रा भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नहीं हुई हैं। सोनिया गांधी की सेहत अच्छी नहीं थी इसके बावजूद वे कर्नाटक के मैसुरू में इस यात्रा का हिस्सा बनीं। प्रियंका के बारे में कहा जा रहा था कि वे सोनिया गांधी के बाद इस यात्रा में शामिल होंगी। सोनिया छह अक्टूबर को यात्रा का हिस्सा बनी थीं और उसके अगले दिन यानी सात अक्टूबर को प्रियंका के यात्रा में शामिल होने की खबर थी। फिर कहा गया कि वे 14 या 15 अक्टूबर को यात्रा में शामिल होंगी। इसके बाद खबर आई कि यात्रा के एक हजार किलोमीटर पूरे होने पर बेल्लारी में जो रैली होगी उसमें वे शामिल होंगी। लेकिन अभी तक वे यात्रा में हिस्सा लेने नहीं गई हैं।

प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए कहा गया कि वे हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को चुनाव लड़वाएंगी। यह भी चर्चा रही कि सोनिया और राहुल गांधी दोनों की गैरहाजिरी में वे गुजरात और हिमाचल दोनों जगह चुनाव प्रचार का मुख्य चेहरा होंगी। लेकिन राहुल के यात्रा पर निकलने के बाद पिछले करीब डेढ़ महीने में प्रियंका ने हिमाचल प्रदेश में सिर्फ एक रैली की है। इसके अलावा वे किसी राजनीति कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। गुजरात में भाजपा और आम आदमी पार्टी ने अलग अलग तरीके से आमने सामने का मुकाबला बनवाया है लेकिन प्रियंका का कोई कार्यक्रम न हुआ है और न अगले कुछ दिन में प्रस्तावित है। अब सवाल है कि ऐसा क्यों हो रहा है कि वे न तो भारत जोड़ो यात्रा में जा रही हैं और न दोनों चुनावी राज्यों में अपने को झोंक कर प्रचार कर रही हैं? जानकार सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी की टीम नहीं चाहती है कि अभी प्रियंका इस यात्रा का हिस्सा बनें। असल में दक्षिण भारत के राज्यों में कांग्रेस की इस यात्रा को बहुत शानदार रिस्पांस मिला है। तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक तीनों राज्यों में लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों के साथ राहुल का कनेक्ट बना और वे लोगों के साथ सहज रूप से मिल रहे हैं, संवाद कर रहे हैं।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:- 9827806026, 7869620239

ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी
शादी कार्ड
रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैण्ड रोड, दुर्ग

ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास, दुर्ग




















# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




### तैयारियों का जायजा लेने साइंस कॉलेज मैदान पंहुचे चीफसेक्रेटरी

# राज्योत्सव-2022: तैयारियों का जायजा लेने साइंस कॉलेज मैदान पहुंचे चीफ सेक्रेटरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अमिताभ जैन ने अधिकारियों से ली जानकारी, समय पर सभी इंतजाम पूरे करने के दिए निर्देश**

**डी.जी.पी जुनेजा सहित कलेक्टर, एस.एस.पी भी रहे मौजुद**



**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में अंतराष्ट्रीय आदिवासी नृत्य और राज्योत्स्व 2022 का आयोजन 1 नवंबर को किया जाएगा। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साइंस कॉलेज पंहुच कर राज्योत्सव के लिए की जा रही तैयारियो का जायजा लिया। यहीं एक नवंबर से ही अंतराष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का भी आयोजन होगा। साइंस कॉलेज मैदान पंहुचकर मुख्य सचिव जैन ने पर्यटन विभाग के सचिव अंबलगन पी. से पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा और योजना की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय पर पूरे करने के निर्देश मौजुद अधिकारियों को दिए। डी.जी.पी श्री अशोक जुनेजा ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थल का निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था करने को कहा। इस दौरान रायपुर संभाग आयुक्त यशवंत कुमार, संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य, कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल सहित सभी संबधित विभागों के अधिकारी भी मौजुद रहे।

चीफसेक्रेटरी श्री जैन ने कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग व्यवस्था से लेकर आगंतुको के लिए पीने के पानी, शौचालय आदि की अच्छी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने लगने वाले सभी पंडालों और मुख्य पंडाल की गुणवत्ता निर्धारित मापदण्डा अनुसार ही सुनिश्चित करने को कहा। श्री जैन ने सभी काम शुभारंभ तिथि से दो दिन पूर्व पूरे करने के निर्देश दिए ताकि आगामी निरीक्षण के बाद स्थिति अनुसार अन्य कार्य समय में पूरे हो सके। मुख्य सचिव ने कार्यक्रम स्थल पर लोगों की आवाजाही सरल और सुगम रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने इस उत्सव में लगने वाले विभागीय स्टालों में आकर्षक रूप से शासकीय योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए साज-सज्जा करने के निर्देश दिए। श्री जैन ने अन्य देशों सहित देश के दूसरे राज्यों से आने वाले नृत्यकों और कलाकारों के लिए ग्रीन रूम, भोजन व्यवस्था, शौचालय आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मुख्य सचिव ने लगातार तीन दिन तक चलने वाले इस समारोह के लिए की जा रही तैयारियों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

राज्योत्सव स्थल साइंस कॉलेज मैदान पर छत्तीसगढ़ी थीम पर कई स्टॉल लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम के लिए मंच भी बनाए गए हैं। मंच पर लाइट और साउंड सिस्टम की व्यवस्था संस्कृति विभाग द्वारा की गई है। राज्योत्सव स्थल पर पार्किंग व्यवस्था और सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन और रायपुर नगर निगम को दी गई है।

# राजनांदगांव का सी-मार्ट स्थानीय उत्पादों की बिक्री में प्रदेश में पहले स्थान पर

### समूह की महिलाओं के हुनरमंद हाथों को मिले पंख

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जिले में सी-मार्ट में अब तक 1 करोड़ 35 लाख 76 हजार रूपए के उत्पादों की हुई बिक्री**



**राजनांदगांव।** समूह की महिलाओं के हुनरमंद हाथों को पंख मिले है सी-मार्ट से। शासन की सी-मार्ट योजना अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह, शिल्पियों, बुनकरों द्वारा स्थाानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों को जिले में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। गुणवत्तापूर्ण विभिन्न तरह के उत्पादों की श्रृंखला सी-मार्ट में उपलब्ध है। कलेक्टर श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में इस दिशा में विशेष ध्यान देते हुए कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर ने स्वसहायता समूह की महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में सभी शासकीय विभागों को कार्यालय की आवश्यक वस्तुएं सी-मार्ट से खरीदने के निर्देश दिए हैं। जिले के सी-मार्ट में अब तक 1 करोड़ 35 लाख 76 हजार रूपए के उत्पादों की बिक्री की गई है। राजनांदगांव का सी-मार्ट स्थानीय उत्पादों की बिक्री में प्रदेश में पहले स्थान पर है। यहां 203 प्रकार के उत्पाद उपलब्ध हैं।

सी-मार्ट में एक ही स्थान सी-मार्ट में समूह की महिलाओं द्वारा बनाए विभिन्न तरह के उत्पाद जनसामान्य के लिए उपलब्ध हैं। जैविक उत्पादों के अलावा विभिन्न तरह के मसालों तथा खाद्य पदार्थों की वेरायटी यहां उपलब्ध हैं। यहां पूजन सामग्री, आरूग जैविक सुगन्धित चावल, आरूग जैविक कोदो, रागी आटा, हल्दी, काला चावल, आरूग शहद, बड़ी, गरम मसाला, मूंग पापड़, आंवला अचार, पोहा, महुआ चिक्की, महुआ लड्डू, मशरूम के अचार, मशरूम के पापड़, सेनेटरी पैड, तिलक चंदन, देशी गाय के गोबर का कंडा, पत्तल, मसाला, चावल पापड़, पास्ता, धनिया पाऊडर, मिर्ची पाऊडर, साबून, फिनाईल, बैग उपलब्ध है। साथ ही पर्स, बुनकरों के हस्तनिर्मित बेडशीड, टॉवेल, रूमाल एवं अन्य उत्पाद उपलब्ध हैं। यहां समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित हल्दी, मिर्च, धनिया, मसाले, पापड़, बड़ी, अचार जैसे स्थानीय उत्पादों की बिक्री लगातार हो रही है।

## खास खबर

### गोबर के दिए से रौशन हो रही है बस्तर की दिवाली

**जगदलपुर।** बस्तर का दशहर अपने प्राचीन धरोहर और समृद्ध परंपराओं की वजह से विश्वप्रसिद्ध है। ये तो बात हुई बस्तर दशहरे की पर क्या आपको पता है बस्तर दशहरा पर्व के बाद अब बस्तर की दिवाली को खास बना रही हैं बस्तर की महिलाएं। जगदलपुर के स्व सहायता समूह की ये महिलाएं हैं जिनके समूह का नाम है 'स्वच्छता ही सेवा है'। जैसा नाम वैसा ही काम। दरअसल ये महिलाएं दिवाली के लिए इको फ्रैंडली दिए बना रही हैं। जिनके जलने से किसी तरह का कोई प्रदूषण नहीं होगा। साथ ही इन्हें बनाने के लिए मिट्टी का भी नुकसान नहीं किया गया है। इन गोबर के दिए को बनाने के लिए 'स्वच्छता ही सेवा है' समूह की महिलाओं ने निगम से गोबर खरीदा और उनके दिए बनाकर बाजार में बेच रही हैं। गोबर के दिए से हो रही आमदनी को लेकर महिलाएं काफी खुश नजर आ रही हैं। उनका कहना है कि दिए बनाने के लिए वो मिट्टी का नुकसान नहीं करती हैं।

गोबर के दिए बनाकर उस पर प्राकृतिक रंगों से बस्तर की कलाकृतियों को उकेरती हैं। इन महिलाओं के बने दिए जगदलपुर की अराध्या मां दंतेश्वरी मंदिर के पास 20 से 30 रुपए के पैकेट में निगम की सहायता से बेचे जा रहे हैं। 'स्वच्छता ही सेवा है' स्व सहायता समूह की प्रभारी सदस्य, पूनम विश्वकर्मा का कहना है कि उन्होंने पिछले वर्ष भी गोबर के दिए से लगभग 2500 रुपए की कमाई की थी। समूह में 78 महिलाएं हैं जो वार्डों से कचरा कलेक्शन करने के बाद सेंटर में आकर दिया बनाने का काम करती हैं।

# बैंकिग सुविधा मिलने से किसानों को मिलेगा सीधा लाभ- मो. अकबर

### कैबिनेट मंत्री अकबर ने तरेगांव जंगल में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की नई शाखा का शुभारंभ किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने आज अपने कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के तरेगांव जंगल में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांगांव की नवीन शाखा का शुभारंभ किया है। वनांचल क्षेत्र की यह वर्षों पुरानी मांग थी। श्री अकबर ने बैंक का शुभारभं करने से पहले छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर पर मल्यार्पण एवं विधिवत पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के शुभारंम में छत्तीसगढ़ के राजगीय गीत की स्तुति भी की गई।



मंत्री श्री अकबर ने इस दौरान बैंक के कार्यविधि की जानकारी ली और बैंक में पैसा निकालने आए खाता धारकों से बात की। ग्राम राली निवासी यशवंत मरकाम ने बैंक से 10 हजार रुपया निकले। बैजलपुर निवासी श्री तिहार सिंह से 3 हजार रुपया नगद निकाला। उन्होंने मंत्री श्री अकबर को बताया कि बैंक के खुलने से अब हमें दूर नही जाना पड़ेगा। इससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि पहले बैंक के कार्य और पैसा निकालने के लिए बोड़ला जाना पड़ता था। लेकिन अब क्षेत्रवासियों के लिए वनांचल में बैंक खुलने से सुविधाओं का विस्तार हुआ है। मंत्री श्री अकबर ने नवीन बैंक शाखा खुलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार पर भी जोर दिया जा रहा है। आज तरेगांवजंगल में जो बैंकिग सुविधाओं का जो विस्तार हो रहा है यह भी राज्य शासन की देन है। उन्होने कहा कि इस बैंक के खुलने से वनांचल क्षेत्र के हजारों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। मंत्री श्री अकबर ने बताया कि तरेगांव जंगल में बैंक खुलने से बैजलपुर समिति के 1500 किसान और बोदा के 1500 किसानों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर अकबर ने ग्राम तरेगांव जंगल, बांटी पथरा, दुर्जनपुर के सैकड़ों हितग्राहियों को छत्तीसगढ़ सर्वभौम पीडीएस योजना के तहत नवीनीकृत राशन कार्ड का वितरण किया।

इस अवसर पर नीलकंठ चंद्रवंशी, क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य मुखीराम मरकाम, बोड़ला जनपद अध्यक्ष श्रीमती अमिता प्रभाती मरकाम, जिला कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, पीतांबर वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू, जनपद उपाध्यक्ष सनत जयसवाल, जनपद सदस्य राजेश मेरवी, प्रशासक नवाज खान और मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव श्री सुधीर सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे।

### खाद्य मंत्री भगत ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**रायपुर।** खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने गुरुवार को सरगुजा जिले के अंतर्गत हाई स्कूल ग्रांउण्ड बंदना में आयोजित जोन स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलाम्पिक में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। जोन स्तरीय प्रतिस्पर्धा में राजीव युवा मितान क्लब ग्राम पंचायत कोट, बन्दना, उड़मकेला व काराबेल की टीम शामिल हुई जिसमें कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर लंबी दौड़ इत्यादि खेल में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गणेश प्रसाद सोनी, जनपद सदस्य रोहिदास पैकरा, पूर्व जनपद अध्यक्ष कृष्ण मनोहर पैकरा सबल दास सोनवानी, सरपंच कार्तिक राम, सरपंच श्रीमती फ्लिोमिना मिंज, स्कूल के समस्त शिक्षकगण राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष लक्की सोनी एवं बड़ी संख्या में कर्मा नर्तक दल, छात्र-छात्राएं तथा ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# मेजबान दुर्ग संभाग बना स्पर्धा का चैम्पियन

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। 22वें राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम में संपन्न हुआ। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित एवं जिला शिक्षा विभाग तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से खुजी विधायक छन्नी साहू ने कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है, लेकिन अनुशासन महत्वपूर्ण होता है। अनुशासन अच्छे व्यक्तिव को प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश संस्कृति, धरोहर, परम्परा को बनाये रखने के लिये हमेशा तत्पर रहतें हैं। छसगढ़ ओलम्पिक इसी का हिस्सा है। जिसमें सभी वर्ग व उम्र के लोग अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

समारोह के अध्यक्ष धनेश पाटिला ने कहा कि जीवन में शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी है। सभी को परिश्रम के साथ अनुशासन में रहते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश में खेलों को एक उचित स्थान व सम्मान दिलाने में लगे रहते हैं। युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर व्यक्ति को जीवन में खेलों को अवश्य अपनाना चाहिए। इससे हार-जीत सहने की क्षमता के साथ ही अनुशासन के महत्व को भी जीवन में उतारते है। समारोह के विशिष्ट अतिथि किशन खण्डेलवाल, हफीज खान, पदम सिंह कोठारी, कुलबीर सिंह छाबड़ा ने भी अपने संबोधन के साथ आयोजकों व प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। समारोह का समापन प्रतिवेदन संगठन सचिव व जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने पठन किया। स्वागत गीत बख्शी कन्या शाला व सांस्कृतिक कार्यक्रम महारानी लक्ष्मीबाई आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि गुरूबेज सिंह माखिजा, कमल नेताम, देवीलाल कुंजाम, अभिमन्यु मिश्रा, अमित कुशवाह, संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग पीके पाण्डे, संगठन सचिव व जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगाव राजेश कुमार सिंह, सहायक संचालक संभागीय कार्यालय सत्यनारायण स्वामी, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी उषा चटर्जी व अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के ओवर ऑल चैम्पियनशिप के खिताब पर मेजबान दुर्ग संभाग का कब्जा रहा।

# कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने ग्राम ढ़ोगईटोला में वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा का किया अनावरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने शुक्रवार को कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ढ़ोगईटोला पहुंचे। श्री अकबर वहां ग्राम ढ़ोगईटोला में आयोजित वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए।



उन्होंने विधिवत वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की पूजा अर्चना एवं फुल-माला भी अर्पित की। श्री अकबर ने ग्रामीणों की मांग पर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, नाचा पार्टी को 25 हजार रूपए और महिला कमाण्डो को ड्रेस के लिए 25 हजार रूपए देने की घोषणा की।

साथ ही गांव के विकास के लिए सीसी रोड़ निर्माण के लिए संबंधित अधिकारी को प्रस्ताव तैयार करने निर्देशित किया। कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि भारत को अंग्रेजों के राज से मुक्त कराने के लिए वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अपना बलिदान दिया है। पूरा देश उनको नमन करता है। उन्होंने कहा कि देश सदैव महान विभूतियों को याद करता रहेगा। उनका नाम इतिहास में सदैव अमर रहेगा। इस अवसर पर श्री नीलकंठ चंद्रवंशी, क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य श्री मुखीराम मरकाम, बोड़ला जनपद अध्यक्ष श्रीमती अमिता प्रभाती मरकाम, जिला कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, पीतांबर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष सनत जयसवाल, जनपद सदस्य राजेश मेरवी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन


**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम अंतर्गत 20 अक्टूबर 2022 को शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक राजनांदगांव में जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का का शुभारंभ राज्यगीत एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत नुक्कड़ नाटक, आयुर्वेद पोषक आहार प्रदर्शनी, विडियोज, ब्रोशर पम्पलेट्स, उद्बोधन,सेल्फीजोन के माध्यम से जनसामान्य को आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया गया। नागरिकों का निःशुल्क शुगर जांच व नेत्र परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सा प्रदान की गई।







## खास खबर



### गोल्डन बुक्स ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुई महावीर स्वामी जिनालय की रंगली

**रायपुर (ए)।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित महावीर स्वामी जिनालय में शुक्रवार को साध्वी स्नेहयशा के पावन निश्रा में भगवान महावीर स्वामी के अवतरण से लेकर उनके मोक्षगमन तक रंगोली का चित्रण किया गया है। आध्यात्मिक चातुर्मास समिति के अध्यक्ष विवेक डागा ने बताया कि जिनालय में 10 अध्याय के अंदर 33 रंगोलियां बनाई गई है। रंगोली को आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के चांसलर विनय अग्रवाल ने गोल्डन बुक्स ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवाया है। उन्होंने साधवी स्नेहयशा से चर्चा करते हुए बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में आईएसबीएम यूनिवर्सिटी ने एक बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने घोषणा की है कि जैन समाज के विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी में 50 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। मुख्य रंगोली के लाभार्थी अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स के संचालक तिलोकचंद बरड़िया हैं। उन्होंने बताया कि महावीर स्वामी जिनालय में भगवान महावीर के जन्म से लेकर उनके मोक्ष तक की रंगोली बनाई गई है। यह बहुत ही सुंदर ढंग से बनाया गया है। वहीं, एसपी ऑर्नामेंट्स - पारसजी गोलछा, दल्ली राजहरा, समृद्धि ज्वेलर्स, मेघनैनी ज्वेलर्स, उज्वल ज्वेलर्स, गुरुदेव ज्वेलर्स, एआर ज्वेलर्स, मानस ज्वेलर्स, श्रीपाल ज्वेलर्स, मुकेश प्रोविजन स्टोर्स, चोपड़ा इंटरप्राइजेज चौबे कॉलोनी, अनिल ललित ज्वेलर्स, सुराना स्टोर्स और एनवी मार्बल अन्य लाभार्थी हैं।

# अशांत क्षेत्रों में तैनात पुलिस के जवानों ने अपने साहस का लोहा मनवायाः राज्यपाल

## शहीदों के परिजनों से मिले राज्यपाल और गृहमंत्री, राज्यपाल ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद जवानों को किया नमन

### राज्यपाल और गृहमंत्री पुलिस स्मृति दिवस परेड में हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके माना स्थित चौथी बटालियन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस परेड में शामिल हुईं और शहीद जवानों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल सुश्री उइके और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने राष्ट्रगान की धुन पर परेड की सलामी भी ली।





राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने पुलिस स्मृति दिवस परेड को संबोधित करते हुए पुलिस के शहीद वीर जवानों को नमन किया। उन्होंने कहा कि स्मृति दिवस अपना कर्तव्य निभाते हुए शहीद पुलिस जवानों के अदम्य साहस और पराक्रम का स्मरण कराता है। राज्यपाल सुश्री उइके ने भगवत गीता में उल्लेखित पुलिस के ध्येय वाक्य परित्राणाय साधुनाम के अर्थ को पुलिस द्वारा सार्थक बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि समय के साथ देश ने अपनी सामरिक क्षमता बढ़ाने में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। पुलिस के जवानों को बेहतर प्रशिक्षण और जरूरी सुविधाएं मिलने से उनका मनोबल बढ़ा है। देश की आंतरिक सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने निरंतर शांति व सौहार्द्र स्थापित करने में अपना योगदान दिया है। हमें ऐसी धारणा नहीं बनानी चाहिए कि पुलिस के जवान केवल आंतरिक क्षेत्रों में ही सेवाएं देंगे, यदि सीमा पर हमें जवानों की आवश्यकता होगी तो वे देश रक्षा के अपने कर्त्तव्य से विमुख नहीं होंगे।

राज्यपाल ने कहा कि कोरोना की विपरीत परिस्थितियों में पुलिस के जवानों ने किस प्रकार चौबीस घंटे, सातों दिन लोगों की सेवा की और अपना कर्त्तव्य निभाया। पुलिस की कार्यप्रणाली और दायित्व सबसे अलग है। पुलिस की सजगता व सतर्कता से ही समाज में शांति व सौहार्द्र बना रहता है और लोग चौन से रह पाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पुलिस कर्मियों के प्रति अपने व्यवहार में संवेदनशीलता लाएं और मानवीय दृष्टिकोण रखें। उन्होंने कहा कि आपका मृदु व्यवहार उनके तनाव प्रबंधन में एक बड़ी भूमिका निभा सकता है, जो उन्हें अपने दायित्वों को बेहतर ढंग से निभाने की प्रेरणा भी देगा। इस आशय से सांस्कृतिक और शारीरिक गतिविधियों का आयोजन उनकी क्षमता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश नक्सल समस्या से ग्रसित है। अशांत क्षेत्रों में तैनात हमारे पुलिस के जवानों ने कई मौकों पर अपने साहस का लोहा मनवाया है। उनकी तैनाती ढाल की तरह है, जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विस्तार में कमी आई है। हमारे जवानों के साहस, पराक्रम और सूझबूझ से नक्सलियों का दायरा सीमित हुआ है और राज्यपाल ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में नक्सल समस्या का पूर्ण रूप से उन्मूलन होगा।

### संवेदना व्यक्त करते हुए सदैव साथ खड़े रहने का दिलाया विश्वास

गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने पुलिस स्मृति दिवस परेड को संबोधित करते हुए जांबाज अधिकारियों और जवानों की शहादत को स्मरण और नमन किया। उन्होंने कहा कि वीर जवानों ने नक्सली व अन्य घटनाओं में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है और प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात रहकर निरंतर अपने दायित्वों का निर्वहन भी कर रहे हैं। गृहमंत्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने पुलिस बल को सुरक्षा, सम्मान व सुविधाएं देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं और शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर माओवादी लगातार आत्मसमर्पण कर रहे हैं। परिणाम स्वरूप नक्सली घटनाओं में कमी आई है। अपने संबोधन के अंत में गृहमंत्री ने शहीद जवानों के परिजनों को भी विश्वास दिलाया कि शासन सदैव उनके साथ खड़ी है। तत्पश्चात् राज्यपाल और गृहमंत्री ने वर्ष 2022 के तीन अमर शहीदों आरक्षक अर्जुन कुड़ियम, सहायक आरक्षक गोपाल कड़ती और प्रधान आरक्षक सालिक राम मरकाम को भी श्रद्धांजलि दी। स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने श्रद्धांजलि उद्बोधन दिया। शहीद परिजनों से मिले राज्यपाल और गृहमंत्री, संवेदना व्यक्त करते हुए सदैव साथ खड़े रहने का दिलाया विश्वास पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने शहीद पुलिस अधिकारियों व जवानों के परिजनों से भेंट की और अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए सदैव उनके साथ खड़े रहने का विश्वास दिलाया। राज्यपाल ने शॉल और श्रीफल देकर शहीदों के परिजनों का सम्मान भी किया। राज्यपाल सुश्री उइके ने शहीदों के बेटे-बेटियों से मिलकर अभिभावक की तरह उन्हें दुलारा और स्नेह किया तथा आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव गृह मनोज पिंगुआ, डी.जी. संजय पिल्ले, ए.डी.जी.पी. हिमांशु गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अरूणदेव गौतम, पवनदेव, एस.आर.पी. कल्लूरी, आई.जी. आनंद छाबड़ा ओ.पी. पॉल, एस.सी. द्विवेदी, संजीव शुक्ला उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ में अब 1314.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज


**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 1314.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से 21 अक्टूबर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2453.4 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 640.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 1074.9 मिमी, बलरामपुर में 1116.0 मिमी, जशपुर में 1143.8 मिमी, कोरिया में 925.4 मिमी, रायपुर में 960.1 मिमी, बलौदाबाजार में 1212.8 मिमी, गरियाबंद में 1317.8 मिमी, महासमुंद में 1180.6 मिमी, धमतरी में 1359.6 मिमी, बिलासपुर में 1502.3 मिमी, मुंगेली में 1382.9 मिमी, रायगढ़ में 1252.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1405.9 मिमी, कोरबा में 1264.3 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1125.9 मिमी, दुर्ग में 1042.8 मिमी, कबीरधाम में 1210.3 मिमी, राजनांदगांव में 1271.3 मिमी, बालोद में 1343.9 मिमी, बेमेतरा में 757.2 मिमी, बस्तर में 1890.5 मिमी, कोण्डागांव में 1333.2 मिमी, कांकेर में 1614.7 मिमी, नारायणपुर में 1542.6 मिमी, दंतेवाड़ा में 1855.3 मिमी और सुकमा में 1630.1 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

# मिट्टी के दीये जला कर मनाएं दीपावलीः मंत्री रूद्रकुमार

### मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने की प्रदेशवासियों से अपील

### आप सबके सहयोग से ही कुम्भकारों की भी मनेगी दीवाली

श्रीकंचनपथ न्यूज





**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने प्रदेशवासियों से दीपावली के पावन पर्व पर मिट्टी के दीये जला कर अपने घर आंगन को रौशन करने की अपील की है। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने कहा है कि मिट्टी के दीये हमारे कुम्भकार बंधुओं द्वारा बड़ी ही लगन और मेहनत से इस आशा के साथ तैयार किए जाते है कि दीपावली के अवसर पर लोग उनके दीये खरीदेंगे और दीवाली में जलायेंगे। मिट्टी के दीया खरीदने से कुम्भकार बंधुओं की मेहनत का प्रतिफल उन्हें मिलेगा और हम सबके सहयोग से उनकी दीवाली भी धूम-धाम से मनेगी।

मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के परंपरागत व्यवसाय, कला को बढ़ावा दिया जा रहा हैं, ताकि इससे जुड़े परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहतर हो और वह भी तरक्की करें। छत्तीसगढ़ में हजारों कुम्हार परिवार अपने परंपरागत पेशे से जुड़े हुए है और मिट्टी विभिन्न प्रकार के बर्तन और सामग्री तैयार कर अपना जीवनयापन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में हम सबका यह दायित्व है कि हम उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहयोग करें तथा उनके द्वारा निर्मित मिट्टी के सामग्री क्रय कर उनके व्यवसाय को प्रोत्साहित करें। दीपावली का त्यौहार कुम्भकार बंधुओं के लिए बड़ी ही उम्मीदों वाला होता है। कुम्हार बंधुओं की त्यौहार की खुशियां उनके द्वारा निर्मित मिट्टी के बर्तन व दीये की बिक्री पर निर्भर होती है। समाज के सभी वर्ग के लोग दीपावली का त्यौहार खुशी-खुशी मनाये इसलिए जरूरी है कि हम सब स्थानीय उद्यमियों एवं हस्तशिल्पियों द्वारा तैयार की गई सामग्री को खरीदें और उनका ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें।

### छत्तीसगढ़ में इस बार खास होगी दिवाली, योजनाओं की राशि मिलने से बाजार हुए गुलजार

# योजनाओं की 1900 करोड़ रुपए की राशि के अंतरण से बढ़ी त्यौहारों की रौनक

**रायपुर।** 'नवा छत्तीसगढ़' में छत्तीसगढ़ सरकार किसान, मजदूर, भूमिहीन मजदूर, युवाओं, महिलाओं समेत सभी वर्गों के हित में महत्वपूर्ण योजनाओं और नीतियों का क्रियान्वयन कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेशवासियों के हित में जनहितैषी कार्यों एवं योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभाव देखा जा रहा है। योजनाओं और नीतियों की दूरदर्शिता से आज प्रदेश आर्थिक, समृद्धि और तरक्की के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।


दिवाली से पहले छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बार फिर लोगों की जेबें भर दी हैं। सरकार की तीन महत्वाकांक्षी योजनाओं राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों, गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर विक्रेता ग्रामीणों और पशुपालकों तथा राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत हितग्राहियों के खाते में कुल 1866 करोड़ 39 लाख 32 हजार रूपए का ऑनलाईन अंतरण मुख्यमंत्री बघेल ने किया है।

अरहर, मूंग एवं उड़द की फसलों की बुआई करने वाले किसानों के हित में छत्तीसगढ़ सरकार ने पहली बार अरहर एवं उड़द की फसल 6600 रूपये प्रति क्विंटल और मूंग फसल की फसल 7755 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का निर्णय लिया है, जो इन फसलों की बुआई करने वाले किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध और प्रोत्साहित करेगा। इसके अलावा सरकार ने शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को भी दिवाली के पहले एरियर्स एवं 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने जैसे निर्णय लेकर बड़ा उपहार दिया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि आम लोगों की जेब में पैसे भरना, उन्हें आर्थिक समृद्ध करना हमारी सरकार का प्राथमिक उद्देश्य है, ताकि उनके पास पैसे आएं और अर्थव्यवस्था को मिल रही मजबूती से बाजारों की रौनक और बढ़े, जिससे सभी के लिए हर त्यौहार खास बन सके।

महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सरकार के परिणाममूलक कार्यों का प्रभाव ही है कि छत्तीसगढ़ के लगभग 8 हजार गांवों में बनाए गए गौठानों में महिला स्व-सहायता समूह आयमूलक गतिविधियां संचालित कर रहे हैं, इनसे न केवल महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हुई हैं बल्कि अब वह अपने कामों में नवोन्मेष से नाम भी कमा रही हैं। महिला समूहों द्वारा इस दीवाली में घरों को रोशन करने गोबर से बनी हुई फ्यूजन रंगोली, दीप के अलावा गोबर के फ्लोटिंग दीया, बंदनवार, मोबाईल स्टैंड, हैंगिंग शो-पीस जैसी कई सजावटी उत्पाद तैयार कर बेचे जा रहे हैं और प्रदेश से बाहर भी भेजे जा रहे हैं।

# शैक्षिक गुणवत्ता के लिए बेहतर प्लान बनाएंः संचालक राणा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के संचालक राजेश सिंह राणा ने समग्र शिक्षा और एससीईआरटी को समन्वय से कार्य करने पर जोर देते हुए कहा है कि एससीईआरटी और समग्र शिक्षा को राज्य में शिक्षा गुणवत्ता के लिए सकारात्मक योजना बनाकर काम करना चाहिए। उन्होंने कार्ययोजना के क्रियान्वयन की पाक्षिक बैठक में नियमित रूप से समीक्षा करने को भी कहा है। संचालक राणा एससीईआरटी में प्रारंभिक साक्षरता एवं संख्यात्मकता संबंधी बुनियादी दक्षताओं की जांच के लिए असर के संबंध में प्रदेश की गुणात्मक स्थिति की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में एससीईआरटी और समग्र शिक्षा के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा नरेन्द्र दुग्गा ने बैठक में पाठ्यचर्या एवं पाठ्यक्रम की समीक्षा के साथ कई अन्य महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में शिक्षा से संबंधित विभिन्न पहलू पर गहन विचार-विमर्श किया गया, जिसमें कक्षा पहली से पांचवी तक के अभ्यास पुस्तिका का निर्माण और असर के संदर्भ में सीखने के प्रतिफल पर आधारित राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे के संबंध में शिक्षकों के भीतर जागरूकता लाना है। इसका उद्देश्य शिक्षकों को जागरूकता के स्तर पर पहुंचाना, जिससे राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे के परिणामों को प्रभावित किया जा सके। नेशनल अचीवमेंट सर्वे (एनईएस) के परिणाम के संदर्भ में डिपस्टिक स्टडीज करना है। इस स्टडीज के माध्यम से बच्चों की कमजोरी का पता लगाकर सुव्यस्थित कार्ययोजना का निर्माण तथा उसे क्रियान्वित कर गुणवत्ता की दिशा में पूरी व्यवस्था उत्तरोत्तर प्रगतिशील बनाने का लक्ष्य रखा गया। कक्षा पहली से आठवीं के पाठ्यक्रम की समीक्षा पर भी व्यापक विचार-विमर्श किया गया। चूंकि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यचर्या का निर्माण किया जा रहा है। पाठ्यचर्या के पश्चात पाठ्यक्रम की समीक्षा आवश्यक होने के कारण इस विषय पर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, समग्र शिक्षा और अन्य शिक्षाविदों के साथ विचार-मंथन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

इस अवसर पर एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे, समग्र शिक्षा के अतिरिक्त संचालक केसी काबरा, एससीईआरटी की संयुक्त संचालक निशी भाम्बरी और एससीईआरटी एवं समग्र शिक्षा के अकादमिक सदस्य उपस्थित थे।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# शरवरी वाघ ने बेबी पिंक लहंगे में दिए मिलियन डॉलर पोज



बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ हमेशा अपने स्टनिंग और हॉट अवतार के कारण लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस हमेशा उनकी तस्वीरों पर अपना दिल हार जाते हैं। एक्ट्रेस शरवरी वाघ नेशनल क्रश विक्की कौशल के छोटे भाई सनी कौशल के साथ अपनी रिलेशनशिप की खबरों को लेकर लाइमलाइट में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस शरवरी वाघ आए दिन अपने हॉट लुक्स से सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस लुक्स में फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने बेहद ही खूबसूरत लहंगा पहना हुआ है। कानों में इयरिंग्स, ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। पिंक कलर के इस खूबसूरत लहंगे में एक्ट्रेस ने सीक्वल में स्टाइलिश ब्लाउज पहना हुआ है जिसमें एक्ट्रेस बला की खूबसूरती नजर आ रही हैं। शरवरी वाघ का ये लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। एक्ट्रेस की एक झलक पाने के लिए फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री शरवरी वाघ कॉटन केंडी को हाथ में पकड़े हुए किर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

# दिवाली में अस्थमा रोगियों की परेशानी
## इन घरेलू उपायों से मिलेगी राहत

दिवाली का त्यौहार जहां सभी के लिए खुशियां लेकर आता हैं, वहीं अस्थमा मरीजों के लिए चिंता का कारण बनता हैं। अस्थमा एक फेफड़ों से जुड़ा रेस्पिरेटरी रोग है, जो न केवल हमारे श्वसन संबंधी स्वास्थ्य पर बल्कि दैनिक कार्यों को पूरा करने की हमारी क्षमता पर भी गहरा प्रभाव डालता है। अस्थमा से पीड़ित लोगों में वायुमार्ग संकीर्ण हो जाता है और बहुत अधिक बलगम पैदा करता है। यह सांस लेने में कठिनाई, घरघराहट, खांसी जैसी तकलीफों को बढ़ाने का काम करता हैं। दिवाली के दौरान फटाखों से धुआं और प्रदूषण होता हैं जो अस्थमा रोगियों के लिए घातक साबित होता हैं। ऐसे में जरूरत होती हैं कुछ घरेलू उपायों को आजमाने की ताकि दिवाली के दौरान अस्थमा के मरीजों में उठने वाली परेशानियों से बचा जा सकें।



### शहद

सर्दी के मौसम में शहद का इस्तेमाल सर्दी-जुकाम के इलाज के लिए किया जा सकता है। इसका उपयोग गले में खराश को शांत करने और खांसी को रोकने के लिए किया जा सकता है। खांसी अस्थमा के लक्षणों को और खराब कर सकती है। सर्दी और दिवाली के दिनों में आपको सावधान रहना चाहिए कि सर्दी न लगे। गर्म चाय में शहद मिलाकर पीएं या फिर एक चम्मच रोज सुबह 2 या 3 तुलसी के पत्तों के साथ लें।

### पिप्पली

श्वसन विकारों का इलाज करने के लिए आयुर्वेद में पिप्पली का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। यह ठंड और खांसी से राहत देती है और क्रॉनिक अस्थमा की स्थिति में बहुत उपयोगी है। यह बंद छाती को खोलने में सहायक होती है और हिचकी को कम करती है। शहद के साथ एक चौथाई चम्मच पिप्पली पाउडर को दिन में दो बार लें। गर्भावस्था में, पिप्पली पाउडर को एक छोटी मात्रा में घी के साथ लिया जा सकता है। इसके अधिक सेवन से बचें क्योंकि यह गर्म होने के कारण पेट को परेशान कर सकती है।

### अदरक

अगर आप जल्दबाजी में कोई रेमेडी तैयार करना चाहते हैं तो अदरक और हल्दी को मिक्स करके एक चाय भी बना सकते हैं और उसे गर्म गर्म पी जाएं। सबसे पहले थोड़े से अदरक को कस लें और उसे एक गिलास पानी के साथ उबाल लें। अब इसमें आधी चम्मच हल्दी पाउडर भी एड कर दें। अगर इसे रोजाना दिन में दो बार पिया जाए तो यह आयुर्वेदिक रेमेडी अस्थमा अटैक आने की संख्या बेहद कम कर सकती है।

### लहसुन

अस्थमा का सफल उपचार करने के लिए आपको लहसुन का इस्तेमाल करना चाहिए। लहसुन अस्थमा के रोगियों के लिए बहुत लाभदायक होता है। 30 मिली दूध में लहसुन की पांच कलियां उबालें और इस मिश्रण का हर रोज सेवन करने से अस्थमा का जड़ से इलाज होता है।

### अडूसा

इस पौधे में एंटी-इंफ्लामेटरी गुण होते हैं जिस वजह से यह औषधीय पौधा अस्थमा से राहत दिला सकता है। यह वायुमार्ग और फेफड़ों की सूजन को कम करने में मदद करता है। अस्थमा में अडूसा के फायदे लेने के लिए 5-5 मिली अडूसा के पत्तों का रस शहद के साथ 2.5 मिली अदरक का रस मिलाकर सेवन करें।

### दालचीनी और शहद

एक चम्मच शहद में एक चौथाई दालचीनी का टुकड़ा मिलाएं और इन दोनों को एक कप पानी के साथ उबलने के लिए रख दें। अब इसे 10 मिनट के लिए थोड़ा ठंडा होने के लिए छोड़ दें और उसके बाद शहद एड कर दें। शहद को एक चम्मच से ज्यादा न डालें। इस रेमेडी का सेवन रोजाना एक बार कर सकते हैं। अधिक लाभ पाने के लिए इसे दो बार भी पी सकते हैं।

### कैफीन

कैफीन में थियोफिलाइन की कई समानताएं हैं। थियोफिलाइन एक ब्रोन्कोडायलेटर दवा है जिसका उपयोग अस्थमा के रोगियों के फेफड़ों में वायुमार्ग को खोलने के लिए किया जाता है। दवा के समान होने के कारण कैफीन एक अच्छा घरेलू उपचार हो सकता है जो आपके अस्थमा के लक्षणों को कम करने में आपकी मदद कर सकता है। कैफीन कॉफी, चाय, कोको और विभिन्न कोला पेय में पाया जा सकता है। गर्म पेय पदार्थ भी जकड़न वाले वायुमार्ग को खोलने में मदद करते हैं।

### हल्दी

हल्दी को मजबूत एंटी-एलर्जी गुणों के लिए जाना जाता है। हिस्टामाइन सूजन पैदा करने के लिए जाने जाते हैं। हल्दी हिस्टामाइन को प्रभावित करती है जो सूजन को रोक सकती है। यह अस्थमा के लक्षणों को दूर कर सकता है और अस्थमा के हमलों को रोकने में आपकी मदद कर सकता है। अपने भोजन को प्रतिदिन हल्दी के साथ पकाएं।

# फिटनेस क्वीन जॉर्जिया एंड्रियानी की कर्वी फिगर देख फैंस ने भरी आहें



एक्ट्रेस और मॉडल जार्जिया एंड्रियानी सोशल मीडिया पर फैंस की काफी चहेती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो तेजी से फैंस के बीच वायरल होने लगती हैं। हाल ही में जॉर्जिया ने अपने लेटेस्ट बोल्ड और स्टनिंग फोटोशूट से एक बार फिर इंटरनेट पर आग लगा दी है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देख कर फैंस की भी नजरें हट पाना मुश्किल हो गई हैं। अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया हमेशा अपने बोल्ड फिगर और स्टनिंग लुक्स के कारण चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी अदाओं के साथ-साथ दीवाने हो जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस जॉर्जिया ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में जॉर्जिया एंड्रियानी ने ऑरेंज कलर की बॉडीकोन ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी इन तस्वीरों में बेहद ही सिजलिंग और हॉट नजर आ रहीं हैं। अभिनेत्री जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो तेजी से वायरल होने लगती हैं। ग्लोइंग मेकअप के साथ जॉर्जिया ने बालों को खुला रखा है और एक से बढ़कर एक पोज देते नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की खूबसूरती देख यूजर्स कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी और रेड हार्ट की बौछार कर रहे हैं।

# चित्रगुप्त पर विवादों के बाद थैंक गॉड में बदला गया अजय देवगन का नाम



अजय देवगन की फिल्म थैंक गॉड दिवाली के मौके पर रिलीज हो रही है। हालांकि, इस अवसर के उलट फिल्म पर हिंदु भावनाओं को आहत करने के आरोप लग रहे हैं। विवादों में घिरता देख निर्माताओं ने इससे बचने का फैसला किया है। फिल्म में अजय आधुनिक चित्रगुप्त का किरदार निभा रहे हैं। उनके इस किरदार पर विवाद खड़ा हो गया था और फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग हो रही थी। अब उनका नाम बदल दिया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार फिल्म में अजय का नाम चित्रगुप्त को बदलकर सीजी कर दिया है। सेंसर बोर्ड के निर्देश पर भी फिल्म में तीन बदलाव किए गए हैं। एक दृश्य में हनुमान जी को मिठाई चढ़ाते दिखाया गया है। इस दृश्य में अब हनुमान को पीछे से दिखाया जाएगा। एक शराब के ब्रैंड का नाम ब्लर किया जाएगा और डिसक्लेमर को और लंबा किया जाएगा। इन बदलावों के बाद फिल्म को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है।

फिल्म के रिलीज पर स्टे की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हालांकि, कोर्ट ने इसपर सुनवाई के लिए 1 नवंबर की तारीख दी थी। इससे पहले कर्नाटक में भी एक धार्मिक संगठन ने फिल्म पर रोक लगाने की मांग की थी। उत्तर प्रदेश में निर्माता के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने के लिए मामला दर्ज हो चुका है। मध्य प्रदेश के शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी।

फिल्म में अजय को चित्रगुप्त के किरदार में दिखाया गया है। चित्रगुप्त का हिंदू धर्म की मान्यताओं में विशेष स्थान है। यही वजह है कि लोग फिल्म पर भड़के हुए हैं। इस किरदार में अजय के संवाद में आपत्तिजनक शब्द भी इस्तेमाल किए गए हैं। कुछ समय पहले थैंक गॉड का नया ट्रेलर जारी हुआ था जिसमें अजय का नाम सीजी दिखाया गया। इसे टी-सीरीज और मारुति इंटरनैशनल ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है।

# एक्शन सीक्वेंस के लिए परिणीति चोपड़ा ने माइनस 10 डिग्री में की शूटिंग



बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा, जो कोड नेम तिरंगा में एक्शन सीचेंस करती नजर आ रही हैं, तुर्की में खराब मौसम और दस डिग्री से कम तापमान में फिल्म की शूटिंग के बारे में बात करती हैं। उन्होंने कहा, एक दृश्य था जिसे एक नाव पर शूट किया गया था। शूटिंग के दौरान, यह लगभग -10 से -11 डिग्री था और पूरी यूनिट पूरी तरह से जैकेट, मफलर और मास्क से ढकी हुई थी, जबकि मुझे एक काली आधी-आस्तीन की टी-शर्ट दि गयी थी।

इश्कजादे की अभिनेत्री ने अपने सह-कलाकार हार्डी संधू के साथ अपनी ऑफ-स्क्रीन बॉन्डिंग और दोस्ती के बारे में कहा, जब हार्डी लोकेशन पर आए, तो मैंने उनसे जैकेट और हीट पैड लाने का अनुरोध किया। हमारा बंधन और मजबूत हो गया क्योंकि हम दोनों ठंड से जम रहे थे और इस तरह हम शूटिंग के दौरान इतने करीबी दोस्त बन गए।

परिणीति, जो शुद्ध देसी रोमांस, हंसी तो फंसी और अन्य फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं, ने भी एक एक्शन फिल्म करने के बारे में खुल कर बात की और साथ ही यह भी कहा की वह खुद को रोमांटिक शैली तक सीमित नहीं रखना चाहती हैं। परिणीति द कपिल शर्मा शो में हार्डी संधू, शरद केलकर, रजित कपूर और निर्देशक रिभु दासगुप्ता के साथ एक सेलिब्रिटी अतिथि के रूप में दिखाई दे रही हैं। द कपिल शर्मा शो सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

# इस दिवाली घर में तैयार चीजों से सजाएं घर, लगेगा बेहद खूबसूरत

वैसे तो दिवाली पर घर को सजाने के लिए बाजार में कई तरह की चीजें मौजूद हैं, लेकिन जब सजावट के सामान घर में ही उपलब्ध चीजों से तैयार हो जाए तो बात ही क्या। आप चाहें तो लालटेन से लेकर तोरण तक अपने हाथों से बनाकर घर की सजावट में चार चांद लगा सकते हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसी चीजें बनाने का आसान तरीका बताते हैं जिनसे आपके घर को अलग ही लुक मिलेगा।

### शुभ-लाभ हैंगिंग

अगर आप दिवाली पर अपने घर के द्वार पर शुभ-लाभ लगाते हैं तो इस बार इसके लिए अपने हाथ से बनाएं शुभ-लाभ हैंगिंग बनाएं। इसके लिए पहले एक कार्डबोर्ड पर दो गोले बनाकर इन्हें कांट लें। अब इसे कलरफुल शीट से कवर करने के बाद एक पर गिलीटर से शुभ और दूसरे पर लाभ लिखें। इसके बाद उसके किनारों पर मोती चिपकाएं। अंत में इनके पीछे रिबन ऐसे चिपकाएं ताकि इन्हें दीवार पर टांगना आसान हो जाए।

### तोरण

प्रवेश द्वार को सजाने के लिए आप फूलों से तोरण या बांदरवाल बना सकते हैं। इसके लिए फूलों को और उनके रंग को चुनें और तोरण बनाना शुरू करें। इसके बाद फूलों को सुई धागे की मदद से एक माला में पिरोएं और उसकी लड़ी तैयार करें। तैयार लड़ी को बराबर अनुपात में जोड़ते हुए एक लंबी माला का आकर दें और अपने दरवाजे पर लटकाएं। यकीनन फूलों से बने तोरण से आपके घर का दरवाजा खिल उठेगा।



### पेपर लालटेन

इसके लिए आप ऑनलाइन ट्यूटोरियल की मदद ले सकते है और इसका बेस तैयार करने के बाद आप इसे फेयरी लाइट्स की मदद से सजा सकते हैं। अगर आपके पास फेयरी लाइट्स नहीं है तो आप बल्ब का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। आप चाहें तो इसके लिए पेपर हैंगिंग या क्लॉथ हैंगिंग भी खरीद सकते हैं। इनके चारों ओर फेयरी लाइट्स लपेट कर सजाने से ये बेहद खूबसूरत लगेगा।

### जगमगाता लैंप

जगमगाता लैंप बनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं है। इसके लिए पहले मार्केट से अपने पसंदीदा डिजाइन का लैंप खरीदें, फिर इस पर ध्यान से एक मजबूत रस्सी बांधें क्योंकि इससे लैंप के गिरने का डर नहीं रहता है। इसके बाद इसे अपने घर की बालकनी या फिर लिविंग रूम के बीचों-बीच टांग दें। यकीन मानिए इससे ये जगहें बहुत ही खूबसूरत और आकर्षक लगने लगेंगी।

### दिवाली वॉल आर्ट

इसे बनाने के लिए सबसे पहले कलर फुल शीट से जिग-जेग बनाएं फिर इसे गोलाकार या फिर अपनी पसंदीदा आकार में काटें। इसके बाद इसके बीच में फर या फिर गोटा पट्टी चिपकाएं। इसी तरह चार से पांच पेपर क्राफ्ट बना लें। इसके बाद इन्हें एक दूसके के किनारे में आड़े-तिरछे तरीके से चिपकाएं। अब इसे अपने घर की दीवार पर टेप की मदद से चिपकाएं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### बाजार की भीड़ को नियंत्रित करने नगर निगम और पुलिस प्रशासन समन्वय से करें काम - कलेक्टर

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दीपावली खरीदी के लिए बाजार में बढ़ रही भीड़ और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल,नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी और अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि त्यौहारी खरीदी के लिए बाजार में उमड़ रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए निगम और पुलिस समन्वय के साथ काम करे। इस दौरान लोग ट्रैफिक जाम होने से परेशान ना हो। उन्होंने दुकानों के सामने बाहर तक सामान रखकर बेचना रोकने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया ताकि दुकानों के सामने लोगों की भीड़ इकट्ठी ना हो और आने-जाने में सभी लोगों को सहूलियत हो। कलेक्टर डॉ भुरे ने मुख्य मार्गों जैसे पंडरी, शंकर नगर, मालवीय रोड, जीई रोड, लाखे नगर रोड आदि में निगम और पुलिस प्रशासन को त्यौहार के समय लोगों को ट्रैफिक जाम से बचाने के लिए पैट्रोलिंग बढ़ाकर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### रायगढ़ में विकासखंड स्तरीय टीएलएम मेला का हुआ आयोजन

**रायगढ़।** ललित शाला प्रांगण विकासखंड रायगढ़ में विकासखंड स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन हुआ। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री जी.आर.जाटवर एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री संजय पटेल की उपस्थिति में मां सरस्वती के छाया चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। निर्णायकों द्वारा एफएलएन के आधार पर प्रत्येक टीएलएम को बारीकी से अवलोकन किया गया। अवलोकन के केंद्र में भाषा और गणित को कैसे आसानी से समझा जा सके एवं अन्य नवाचारी गतिविधियों के द्वारा कैसे उपयोग किया जा सके। इसके आधार पर एफएलएन केंद्रित सटीक निर्णय निर्णायकों द्वारा लिया गया। जिसमें प्राथमिक स्तर पर प्रथम-आकांक्षा मालाकर संकुल संबलपुरी, द्वितीय-पुष्पेंद्र महंत संकुल गेजामुडा, दूसरा-खुशबू पटेल बायंग संकुल, तीसरा स्थान-जास्मिन शेख संकुल संबलपुरी रहे।

# बीएसएफ ने किया अमर शहीदों को याद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। रिसाली सेक्टर स्थित बीएसएफके सीमान्त मुख्यालय में शुक्रवार को पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। आईजी इंद्रराज सिंह के मार्गदर्शन में सभी अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने श्रद्धांजलि दी।**



इस मौके पर आईजी सिंह ने बताया कि इस दिवस को उन भारतीय पुलिस बलो के अमर शहीदों की याद में मनाया जाता है जिन्होने 21 अक्टुबर 1959 में भारत- तिब्बत सीमा पर चीनी सेना के साथ युद्ध के दौरान सर्वस्व न्यौछावर कर शहादत प्राप्त की थी। इसे देश भर में पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**इस वर्ष देशभर में 261 शहीद :** उन्होंने बताया कि जनवरी, 1960 में हुए राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिरीक्षकों के वार्षिक सम्मेलन में फैसला किया गया कि लद्दाख में शहीद बहादुर पुलिसकर्मियों और कर्त ब्य निर्वहन के दौरान शहीद होने वाले अन्य पुलिसकर्मियों की स्मृति में हर वर्ष 21 अक्टूबर को स्मृति दिवस मनाया जाएगा।

इस मौके पर आईजी बीएसएफने छत्तीसगढ़ में बीते एक वर्ष की अवधि में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सभी अमर शहीदों को याद किया। उन्होंने कहा कि अपने जीवन को कुर्बान कर देने वाले और देश की सुरक्षा में अपने घर-परिवार से दूर नितांत निर्जन, छत्तीसगढ के घने जंगल में नक्सल विरोधी अभियान में अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए शहीद जॉबाजो को उनकी शहादत को हम सभी नमन करते है। ऐसे ही वीरों के त्याग और बलिदान के कारण देश सुरक्षित है। इस वर्ष देशभर में 261 वीर जवानों ने अपना बलिदान दिया। जिसमें सीमा सुरक्षा बल के 27 जवान शामिल थे।

### जादू-टोना कर जान से मारने की साजिश नाकाम

# दुर्ग पुलिस की तत्परता से बची जिंदगी चार लोगों की हुई गिरफ्तारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। 10 लाख की सुपारी देकर जादू टोना के जरिए मारने की साजिश करने वाले आरोपी सहित चार लोगों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी संजीव सिंह निवासी कोहका की शिकायत पर सुपेला पुलिस ने यह ऑपरेशन मात्र 16 घंटे में ही पूरा कर लिया। आरोपी को एक बैगा लगातार फोन कर धमकी दे रहा था कि उसे किसी ने उसे मारने 10 लाख की सुपारी दी है। अगर वह 11 लाख रुपए देगा तो उस पर जादू-टोना नहीं करेगा।**



प्रार्थी ने सुपेला पुलिस थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके बाद मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सुपेला पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पूरी कार्रवाई कर मामले में संलिप्त चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**जाल बिछाकर पकड़ा:** थाना प्रभारी दुर्गेश कुमार शर्मा ने बताया कि 20.अक्टूबर को प्रार्थी संजीव सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि विगत 2-3 दिनो से इनके मोबाईल में एक नंबर से बार-बार फोन पर धमकी मिल रही है कि तुमको जादू-टोना करके मारने के लिए 10 लाख रूपये में सुपारी मिली है। यदि मुझे 11 लाख रूपये दे देते हो तो मैं तुमको नहीं मारूंगा। जादू-टोना व मारने की सुपारी देने की बात सुन कर काफी डरा हुआ था। चूंकि मामला काफी गंभीर व संवेदनशील था। इस लिए घटना के तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा उनके निर्देश पर थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। पुलिस अधीक्षक दुर्ग, श्री डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, संजय ध्रुव तथा प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर, निखिल राखेजा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने जाल बिछाकर फोन पर धमकी देने वाले आरोपी संतोष मिर्ची को पैसे देने के बहाने दुर्ग बस स्टैण्ड बुलाकर पकड़ा। आरोपी संतोष मिर्ची झाड़-फूंक का काम करता है जिनके कब्जे से नीबू, मिर्ची, बंदन, कच्चा धागा 7 नग पुराने तांबा का सिक्का व मोबाईल बरामद किया गया है।

**55 हजार रुपए मिले थे एडवांस :** आरोपी संतोष ने अपना जुर्म स्वीकारते हुए बताया कि इसे अब तक 55,000 रूपये अजय कोसरे ने प्रार्थी संजीव सिंह को जादू-टोना कर मारने की सुपारी दी थी। इसके निशानदेही पर आरोपी अजय कोसरे को पकड़ा गया। आरोपी अजय कोसरे के मोबाईल चेक किया गया जिसमें इन्द्रकुमार महिलांग ने प्रार्थी संजीव सिंह को मारने के लिए फोटो व नाम पता भेजा था। आरोपी इन्द्रकुमार महिलांग ने1 लाख रूपए एडवांल के तौर पर रकम अजय कोसरे को दिया था और बाकी रकम काम पूरा होने के बाद देने की बात तय हुई थी। इसी मे से अजय कोसरे ने 55 हजार रूपए संतोष मिर्ची (बैगा ) को दी और शेष रकम 45 हजार रुपए स्वयं रखी था। आरोपी अजय कोसरे के निशानदेही पर आरोपी इन्द्रकुमार महिलांग एवं अशोक मौर्या को पकड़ा गया।

**दोनों पार्टनर थे :** आरोपी अशोक मौर्या एवं प्रार्थी संजीव सिंह में जमीन खरीदी बिकी का पार्टनर थे। अशोक मौर्या का काम सही तरीके से नहीं चलने के कारण एवं संजीव सिंह का कारोबार दिन प्रतिदिन बढ़ते देखकर उसको जादू-टोना के माध्यम से मरवाने का प्लान तैयार कर आरोपीगणों को 10 लाख रूपए सुपारी दी थी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा, उप निरी. प्रमोद श्रीवास्तव, आरक्षक विकास तिवारी एवं जुनैद सिद्धीकी का विशेष योगदान रहा।

### उद्योग मंत्री लखमा ने छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में खेलकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ।** उद्योग मंत्री कवासी लखमा आज नारायणपुर जिले के प्रवास के दौरान ग्राम भाटपाल में आयोजित ज़ोन स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में शामिल हुए। बच्चों की खुशी और उमंग को देखकर मंत्री स्वयं को रोक नहीं पाए। उन्होंने बच्चों के साथ रस्सी खींच का खेलकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला। मंत्री ने बच्चों को जीवन में खेलों के महत्व के बारे में भी बताया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने, प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने, उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा प्रदेश भर में छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन जनवरी 2023 तक किया जा रहा है। इसी प्रकार उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने नारायणपुर विकासखण्ड के ग्राम भाटपाल स्थित घोटुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से घोटुल की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर सौरभ कुमार और सीईओ जयश्री जैन ने बिहान से सामग्री खरीदकर बढ़ाया हौसला

श्रीकंचनपथ न्यूज

### बिहान से सामग्री खरीदकर बढ़ाया हौसला, इस दीवाली पर गोबर से बने दीयों से रोशन होंगे घर

### बिहान की दीदियों ने जिला पंचायत परिसर में सजाया पंडाल



**बिलासपुर।** कलेक्टर सौरभ कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जयश्री जैन ने बिहान की दीदियों द्वारा जिला पंचायत परिसर में सजाये गये पंडाल से पूजन सामग्री और दीयों की खरीददारी की। कलेक्टर ने बिहान की दीदियों द्वारा तैयार किये गये दीवाली गिफ्ट हेम्पर, दीये, अगरबत्ती, कैंडल्स सहित सामग्रियों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाये गये उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कम कीमत पर अच्छी गुणवत्ता के उत्पाद स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये हैं। कलेक्टर ने लोगों से दीवाली पर इन उत्पादों को अधिक से अधिक खरीदकर महिला स्व सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त करने की अपील की है। महिलाओं ने आज पहले ही दिन 5 हजार रूपये की सामग्री की बिक्री की। पहले ही दिन अच्छी आमदनी होने से महिलाएं उत्साहित हैं। उनका यह स्टॉल दीवाली तक रहेगा। इन स्टॉल में सामग्री खरीदने के लिए लोगों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त करने के उद्देश्य से महिला समूहों को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा गया है। गोधन न्याय योजना के तहत जिले के ग्रामीण और बिलासपुर नगर निगम के 4 गोठानों मोपका, सिरगिट्टी, तिफरा और सकरी में महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं गोबर से विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर रही हैं, जिनमें सजावटी समान भी शामिल है।

महिलाओं के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर में सी-मार्ट की स्थापना की गई है। सी-मार्ट में उच्च गुणवत्तायुक्त उत्पाद बाजार भाव से कम दाम में उपलब्ध है। साथ ही पारम्परिक उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने की बिहान बाजार में शॉपिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** दीपावली के मौके पर जनपद पंचायत परिसर में आयोजित बिहान बाजार में आज गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू दिवाली शॉपिंग के लिए पहुंचे। यहां पर उन्होंने मशरूम मोदक, धान की झालर और फ्लोटिंग दीये खरीदे। साहू को बिहान बाजार का सबसे खास आकर्षण फ्लोटिंग दीये लगे। उन्होंने समूह की महिलाओं से फ्लोटिंग दीये के बारे में पूछा। समूह की महिलाओं ने बताया कि इस तरह से पानी में तैरने वाले दीये बहुत खूबसूरत लगते हैं और खूब बिक रहे हैं।

गृह मंत्री ने इस मौके पर धान की झालर की खरीदी भी की। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में धान की झालर त्योहार के मौके पर लगाने की खूबसूरत परंपरा है जब धान पक जाती है तब दिवाली के मौके पर धान की बाली की सुंदर सजावट घरों में होती है और हमारे घर की सुंदरता इससे बहुत निखर जाती है। साथ ही पड़की भी धान के दाने खाने आती है। इस तरह से दीवाली त्योहार प्रकृति से हमारे रिश्तों की खूबसूरती को भी बताता है। साहू ने इस मौके पर पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद भी चखा। उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विक्रय की जा रही अन्य वस्तुओं को भी देखा।

जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन ने बताया कि यहां पर 51 समूहों ने स्टॉल लगाएं हैं। इसके साथ ही भिलाई में भी सीमार्ट में बड़ी संख्या में दिवाली की पारंपरिक वस्तुओं की बिक्री हो रही है।

### तम्बाकू मुक्त बनाने के लिए अंतर्विभागीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**गरियाबंद।** जिला राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिले में तम्बाकू उत्पाद के उपयोग को कम करने एवं रोकथाम करने व कोटपा एक्ट 2003 के सुनिश्चितिकरण की दिशा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.सी. उरॉव एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री सोनल ध्रुव के मार्गदर्शन में ब्लूम्बर्ग एक पहल द यूनियन संस्था के सहयोग से जिला स्तर पर अन्तर विभागीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन 20 अक्टूबर 2022 को जिला पंचायत के सभा कक्ष में किया गया है। जिसमें जिले के 12 विभागों के प्रतिभागी उपस्थित रहें।


















**खास खबर**

## बिलासपुर में शादी का झांसा देकर किशोरी से दो साल तक दुष्कर्म, आरोपी को 20 साल की कैद

**बिलासपुर (ए)।** शादी करने का झांसा देकर युवक किशोरी के साथ दो साल तक दुष्कर्म करता रहा। इसके बाद बिना बताए भाग गया। शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय ने मामले सुनवाई करते हुए आरोपित को 20 साल सश्रम कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है। फैसले के बाद न्यायालय से आरोपित को जेल भेज दिया गया। बिल्हा क्षेत्र की रहने वाली किशोरी 16 वर्षीय किशोरी दो मार्च 2017 से आठ मई 2020 तक अपने रिश्तेदार के घर पर थी। इस दौरान उसकी मुंगेली जिला के मौंहाभाठा केसरूवाडीह के रहने वाले राम खिलावन कुर्रे(27) से जान पहचान हुई। इसके बाद दोनों बातचीत करने लगे। इस बीच युवक ने किशोरी को शादी करने का प्रस्ताव दिया। किशोरी शादी के लिए तैयार हो गई। दो मार्च 2017 को राम खिलावन किशोरी के घर गया और शादी करने का झांसा देकर उसे मोटरसाइकिल से एक फार्म हाउस ले गया। वहां 24 घंटे रखा और दुष्कर्म किया। फिर पीड़िता को बेलसरी नाका के पास छोड़ दिया। वहां से पीड़िता अपने रिश्तेदार के घर चली गई। इस पांच मई 2020 को युवक ने पीड़िता को अपने घर ले गया। दो दिनों तक साथ रखा। इस दौरान भी युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद युवक के स्वजन ने दोनों को घर से निकाल दिया था। इस पर युवक किशोरी के साथ फार्म हाउस में रुका। फिर किशोरी को बिना बताए भाग गया। 27 मई 2020 को पीड़िता ने बिल्हा थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया था।

### 2 बाइक में टक्कर, पिता की मौत, बेटा गंभीर

# दीपावली मनाने घर आ रहे पुत्र को लेने गया था शख्स, रास्ते में हुआ हादसा

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में दो बाइक में जबरदस्त टक्कर से पिता की मौत हो गई और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बेटा महाराष्ट्र से दीपावली पर्व मनाने के लिए घर आ रहा था। बेटे के आने की जानकारी मिलने पर पिता उसे लेने गया था। दोनों बाइक से वापस गांव लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। हादसा मस्तूरी थाना क्षेत्र के के मल्हार चौकी क्षेत्र में हुआ है।



जानकारी के अनुसार, केंवटाडीह निवासी रूपराम निराला (45) का बेटा नरेंद्र कुमार निराला महाराष्ट्र के गोंदिया में जॉब करता है। वहीं, रूपराम गांव में खेती-किसानी का काम करता था। दीपावली पर्व मनाने के लिए नरेंद्र कुमार अपने गांव लौट रहा था। ट्रेन से बिलासपुर पहुंचने के बाद उसने अपने पिता को फोन किया। इस दौरान रूपराम ने अपने बेटे को बोला कि वहां से मल्हार तक बस में आ जाना और मल्हार में मैं तुम्हे लेने आ जाऊंगा। बस आने से पहले ही रूपराम मल्हार में अपने बेटे के आने का इंतजार कर रहा था।

### बाइक से लौटते समय हुआ हादसा

मल्हार में बस से उतरने के बाद नरेंद्र और उसके पिता रूपराम बाइक से गांव लौट रहे थे। घटना देर शाम की है। अभी दोनों पिता-पुत्र ग्राम कटहा के पास पहुंचे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में रूपराम के सिर में गंभीर चोटें आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं, नरेंद्र कुमार भी बुरी तरह से घायल होकर बेहोश पड़ा रहा।

### राहगीरों ने पुलिस को दी जानकारी

इस हादसे के बाद दोनों पिता-पुत्र करीब आधे घंटे तक सड़क में ही पड़े थे। बताया गया कि जिस बाइक ने टक्कर मारी थी, उसका चालक बाइक लेकर भाग गया था। राहगीरों ने खून से लथपथ पिता-पुत्र को देखकर पुलिस के डायल 112 को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने रूपलाल के शव के साथ ही गंभीर रूप से घायल नरेंद्र को अस्पताल पहुंचाया। इसके साथ ही उनके परिजन को घटना की जानकारी दी। रुपलाल का शव मस्तूरी अस्पताल के मॉरच्यूरी में है। गंभीर रूप से घायल नरेंद्र को इलाज के लिए सिम्स रेफर कर दिया गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर दूसरे बाइक सवार की जानकारी जुटाकर तलाश में जुट गई है।

### दूसरी बाइक के मिले टूटे हुए पार्ट्स

मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाई, तब पता चला कि सामने से आ रही बाइक की टक्कर से यह हादसा हुआ है। दूसरी बाइक की पुलिस पता नहीं लगा पाई है। मौके पर दूसरी बाइक के टूटे हुए पार्ट्स मिले हैं, जिसके आधार पर पुलिस उसकी जानकारी जुटाकर पतासाजी कर रही है।

## धान मंडी से जनरेटर और तराजू ले गए चोर



**बिलासपुर (ए)।** रतनपुर क्षेत्र के कर्रा स्थित धान मंडी में चोरों ने धावा बोलकर जनरेटर और तराजू पार कर दिया। इस दौरान मंडी के चौकीदार का बेटा वहां पर मौजूद था। उसने आवाज लगाई तो आटो में सामान भरकर चोर भाग निकले। मंडी के प्रबंधक ने इसकी शिकायत रतनपुर थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

रतनपुर क्षेत्र के जाली में रहने वाले नवीन कुमार कश्यप कर्रा स्थित धान मंडी में प्रबंधक हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि मंडी के एक कमरे में पुराना जनरेटर, लोहे का बाट और तराजू समेत अन्य सामान रखे थे। गुरूवार की सुबह चार बजे हरे रंग की आटो में कुछ लोग आए। उन्होंने कमरे में रखा पुराना जनरेटर, लोहे का बाट और तराजू आटो में भर लिया। इसी दौरान चौकीदार के बेटे निलेश ने उन्हें देख लिया। उसने आवाज लगाई। आवाज सुनते ही चोर आटो में बैठकर भागने लगे। चौकीदार के बेटे ने शोर मचाकर इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। इसके बाद उसने प्रबंधक को फोन कर चोरी के संबंध में बताया। प्रबंधक ने घटना की शिकायत रतनपुर थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। आसपास के लोगों से पूछताछ कर आटो के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

# 84 लाख की कीटनाशक जब्त: ड्राइवर को बंधक बनाकर 70 पेटी दवा लूटने वाले बाप-बेटे गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा (ए)।** जांजगीर-चांपा जिले के बिर्रा थाना क्षेत्र में पुलिस ने 84 लाख रुपए की कीटनाशक दवा जब्त की है। पुलिस ने कीटनाशक दवा लूटने वाले पिता और बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 70 पेटी कीटनाशक दवा जब्त की गई है। वारदात में इस्तेमाल कार को भी पुलिस ने सीज कर लिया है।



आरोपी पिता-पुत्र ने तालदेवरी और विराट के बीच लूट की घटना को अंजाम दिया था। वारदात में शामिल 2 अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी ने बताया कि प्रार्थी हेमंत साहू जो सक्ती जिले के अकराभाठा का रहने वाला है, पिकअप चलाने का काम करता है। वो 20 अक्टूबर गुरुवार को अपने वाहन क्रमांक सीजी 11 एवी 6782 में सक्ती बस स्टैंड से 20 पेटी और बम्हनीडीह से 50 पेटी पेक्सालोन कीटनाशक दवाई लोड कर रायपुर जा रहा था। कुल 70 पेटी पेक्सालोन की कीमत 84 लाख रुपए थी, जिसे उसे राजधानी पहुंचाना था।

ड्राइवर हेमंत साहू शाम करीब 4 बजे तालदेवरी और बिर्रा के बीच पहुंचा, तभी कार सवार 3 आरोपी तेजी से अपनी गाड़ी चलाते हुए पिकअप के सामने ले आए। हेमंत ने अपना वाहन रोक दिया। इसके बाद तीनों आरोपी कार से उतरे और इनमें से एक मेमलाल जाटवर (52 वर्ष) ने ड्राइवर से जबरदस्ती गाड़ी की चाबी और मोबाइल छीन ली। आरोपियों ने पीड़ित को अपनी कार में जबरन बिठा लिया और भातमाहुल की तरफ ले जाने लगे। गांव पहुंचने से पहले ही ड्राइवर को कार से उतार दिया गया। आरोपी मेमलाल जाटवर अपने साथ पिकअप में बिठाकर उसे अपने घर भातमाहुल ले गया। उसी समय मेमलाल का बेटा सुरेश जाटवर (30 वर्ष) अपनी वेन्यू कार से आया और पिकअप में रखे 70 पेटी दवाई में से करीब 20-25 पेटी को कार में रखा और बाकी बचे कीटनाशक को मेमलाल जाटवर अपने घर में उतारकर उसे गाड़ी की चाबी और मोबाइल देकर भगा दिया। इसके बाद पीड़ित थाना बिर्रा पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तुरंत आरोपियों की तलाश में जुट गई। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी मेमलाल जाटवर और उसका बेटा सुरेश भातमाहुल गांव में स्थित उसके घर में है, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों के पास से 84 लाख की 70 पेटी कीटनाशक दवा भी बरामद कर ली गई है।

### आरोपी भी कीटनाशक दवाओं का करते हैं कारोबार

लूट की घटना में शामिल दो और फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी पिता-पुत्र को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एएसपी अनिल सोनी ने बताया कि आरोपियों की भी भातमाहुल में कीटनाशक दवा की दुकान है। आरोपी मेमलाल को गुरुवार को सक्ती और बम्हनीडीह से पेक्सालोन की खेप रायपुर जाने की सूचना मिल गई थी। चूंकि पेक्सालोन काफी महंगी होती है, इसलिए उसने बेटे के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। हालांकि दोनों पकड़े गए।

# कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

( संपत्तिकर विभाग )

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2022/385/298    भिलाई, दिनांक 13/10/2022

**// स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना //**

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकार्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मे प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगाः-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेद प्रकाश चोपडा एंड कंपनी, कुरूद भिलाई नगर, भागीदार-आलोक कुमार लुनिया, आ. स्व.जे.के. लुनिया, सा.-एस.एम.31, पदमनाभपुर, दुर्ग, जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्री मोहनीश कुमार साहू, आ. श्री रविन्द्र कुमार साहू, सा.-206 मिलन चौक, बी मार्केट, आमदीनगर हुडको, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कुरूद, कुरूद वार्ड, वार्ड नं. 16, सुंदर विहार फेस-01, भिलाई, खसरा नं. 1404/4 प्लाट नं. 95, रकबा-2190 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 2 | सुबहान खान, आ. रमजान खान, निवासी-मकान क्र. 51/बी, मैत्री विहार, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | मोहम्मद मुस्लिम, आ. मोहम्मद साबिर, निवासी-मकान क्र. 51/बी, मैत्री विहार, सुपेला, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, फरीदनगर वार्ड नं. 07(मैत्री विहार अन्दर भाग), भिलाई खसरा नं. 2628/123, प्लाट/मकान नं. 51/बी, रकबा-2400 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 3 | 1. श्री रणजीत कुमार सिंह, आ. श्री बाबूराम सिंह, निवासी-1004, प्रथमतल, ब्लॉक नं. डी-1, टॉवर-1, क्रासिंग रिपब्लिक, जी.एच.7, गाजियाबाद(उ.प्र.), 2. विश्वविजय बहादुर सिंह, आ. श्री बाबूराम सिंह, निवासी-प्लाट नं. 27, ब्लॉक नं. 86, नेहरूनगर पूर्व, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती भारती जैन, ध.प. श्री नीरज कुमार जैन, निवासी-शॉप नं. 525/ए, बी मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | मोतीलाल नेहरूनगर(पूर्व) आवासीय योजना भिलाई, कोसा नगर वार्ड क्र. 03, भिलाई, भूखण्ड क्रमांक 27, ब्लॉक क्रमांक 86, क्षेत्रफल-72.00 वर्गमीटर, आवासीय भवन निर्मित। |
| 4 | जाकिर अहमद काजी, पिता-स्व. अमीरूद्दीन काजी, निवासी-प्लाट नं. 126, अयप्पा नगर कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | मो. अजमल हुसैन, पिता-मो. इदरीश सिद्दिकी, निवासी-ईदगाह मोहल्ला सुपेला भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, (वार्ड नं. 07 फरीद नगर कोहका वार्ड के कोहका चौक से कोहका जुनवानी एम.आर 09 रोड भगत सिंह चौक तक मुख्य मार्ग पर स्थित) भिलाई, खसरा नं. 3171/6, प्लाट नं. 12, रकबा-780 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 5 | श्रीमती बिन्दु सिंह, ध.प. श्री उदय सिंह, निवासी-सिंह किराना स्टोर्स के पास, हास्टल के सामने, सेक्टर 03 भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | श्री रोशन लाल राजभर, आ. श्री श्रीराम, निवासी-मकान नं. 11/एच 27, जोन-02, वार्ड नं. 30, सेक्टर-11, खुर्सीपार भिलाई,तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका(कोहका पुरानी बस्ती वार्ड) वार्ड नं. 09, हनुमान मंदिर से कुरूद रोड नाला तक मुख्य मार्ग पर स्थित, भिलाई, खसरा नं. 4594/10, प्लाट नं. 63 का भाग, रकबा-1212 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 6 | "चौहान हाउसिंग"(चौहान ग्रीन वैली) आपेजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई प्रोपराईटर- श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत(दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | 1. श्री संजय बेनर्जी, आ. स्व. एस.के. बेनर्जी, 2. श्रीमती रूपाली बेनर्जी, ध.प. श्री संजय बेनर्जी, निवासी-सी-3, C/o. एवरेस्ट इण्डस्ट्रीज लिमि. 1, ताराटोला रोड, गार्डन रिच, कोलकत्ता | बिक्रीनामा | वार्ड 01,''चौहान हाउसिंग'' (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट-चौहान टाउन, खम्हरिया व जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 27, ब्लाक-"D8", चतुर्थ तल, 663.27 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित । |
| 7 | मेसर्स श्रीकृष्णा कालोनाईजर्स पार्टनर तापड़िया रियलटर्स प्रा. लिमि. डायरेक्टर श्री सुनील कुमार तापड़िया आ. श्री सुरेश चंद तापड़िया निवासी-5/425, नेमीचंद गली, तेलघानी नाका चौक, स्टेशन रोड, रायपुर | 1. श्रीमती निशा थौर आ. श्री गुलशन थौर 2. श्री गुलशन थौर आ. श्री सतीश कुमार थौर, निवासी-मकान नं. 115, फुस्बंगला, रूप रंग स्टूडियो के पास, परासिया, धनबाद, झारखण्ड | बिक्रीनामा | वार्ड नं. 09 कृष्णा ग्राण्ड सिटी, पुरानी बस्ती वार्ड, कोहका भिलाई, फ्लैट नं. 48, ब्लाक नं. A2, चतुर्थ तल, 641.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित । |
| 8 | चौहान हाउसिंग(चौहान ग्रीन वैली), आपेजिट-चौहान टाउन, खम्हरिया व जुनवानी, भिलाई, प्रोपराईटर-श्री अजय चौहान, आ. स्व. श्री विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान, निवासी-राजीवनगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) से श्रीमती सुरिमता शुक्ला, ध. प. श्री विजय शुक्ला, निवासी-सी2/24, चौहान टाउन, जुनवानी रोड, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती कल्पना बोरकर, पति श्री सतीश कुमार बोरकर, निवासी-प्लाट नं. 108, शिखर अपार्टमेंट नियर स्ट्रीट 1 ए स्मृतिनगर भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | चौहान हाउसिंग, ग्रीन वैली खम्हरिया एवं जुनवानी अंदर भाग, वार्ड नं. 01, जुनवानी, भिलाई, खसरा नं. 195, 196 एवं 197/2, प्लाट नं. मेरीगोल्ड-90, रकबा-1129.80 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |

उपायुक्त ( संपत्तिकर )
नगर पालिक निगम
भिलाई


भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### लंबे इतंजार के बाद जीई रोड का डामरीकरण कार्य शुरु

**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने आज दुर्ग शहर में 64 करोड़ की लागत से जीई मार्ग के उन्नयन और सौंदर्यीकरण कार्य योजना के तहत सड़क डामरीकरण कार्य प्रारंभ कराया। राजेंद्र पार्क चौक से मिनीमाता चौक तक डामरीकरण किया जाएगा। वोरा ने कहा है कि दिवाली के बाद इस कार्य में तेजी आना चाहिये। नेहरू नगर चौक से मिनीमाता चौक तक जीई रोड के उन्नयन और सौंदर्यीकरण की योजना का काम तेजी से पूरा किया जाए। वोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समीक्षा बैठक में प्रदेश भर की सड़कों पर डामरीकरण, पैचवर्क आदि के कार्य करने निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद दुर्ग शहर में सड़क डामरीकरण कार्य सहित पैचवर्क किया जा रहा है। अगले कुछ दिनों में शहर की सभी सड़कों की हालत दुरुस्त हो जाएगी। वोरा ने आज पीडब्लूडी अधिकारियों को जीई रोड के डामरीकरण का कार्य गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिये हैं। आज राजेंद्र पार्क चौक पर सड़क डामरीकरण कार्य प्रारंभ किये जाने के अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल, एल्डरमेन रत्ना नारमदेव, राजेश शर्मा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, शिवाकांत तिवारी, प्रकाश गीते, मोहित वाल्दे, कांति पारख सहित अन्य नागरिक व पीडब्लूडी अधिकारी मौजूद थे। वोरा ने दुर्ग शहर की सड़कों की हालत सुधारने कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा से नियमित समीक्षा करने कहा है। कलेक्टर के निर्देश पर दुर्ग शहर की 77 सड़कों का डामरीकरण और पैचवर्क करने 10 करोड़ 15 लाख की लागत से किया जाएगा। वोरा ने पीड्ब्लूडी और नगर निगम अफसरों से कहा है कि सभी कार्य तत्काल शुरू किये जाएं। मुख्यमंत्री के निर्देशों का अक्षरश: पालन किया जाना चाहिए।

गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने व्यापारियों को दी दीवाली पर सौगात...

# स्टेशन मरोदा में 40 लाख से बनेगा पौनी पसारी, हुआ भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। दुर्ग ग्रामीण विधायक व लोक निर्माण एवं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने स्टेशन मरोदा के फुटकर व्यापारियों को दीपावली के पहले सौगात दी है। उन्होंने ओवर ब्रिज के नीचे 40 लाख से बनने वाले पौनी पसारी का भूमिपूजन किया। गृहमंत्री ने इसके अलावा नगर पालिक निगम क्षेत्र के अलग-अलग वार्डों में 62 लाख के स्वीकृति विकास कार्य की नींव रखी। गृहमंत्री ने सबसे पहले नेवई बैकुंठ धाम मंदिर में 20 लाख से डोम शेड, लघुउद्यान 40 लाख और 10 लाख का शौचालय निर्माण का भूमिपूजन किया।**







इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रिसाली निगम क्षेत्र में बहुत कार्य किए जाने है। पार्षदों के लिए कार्य करने का सुनहरा अवसर है। वे वरिष्ठों से परामर्श ले और अपने वार्ड के लिए बेहतर कार्य योजना तैयार करे। उन्होंने आश्वासन दिया कि विकास कार्य के लिए पैसों की कमी नहीं होगी। कार्य योजना एसे बनाए जिसमें अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

मंत्री ने अंत में वार्ड 28 शक्ति विहार में 8 लाख से बनने वाले सीसी रोड के लिए भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, एमआईसी अनुप डे, चन्द्रभान ठाकुर, विलास राव बोरकर, सनीर साहू, परमेश्वर, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, पार्षद डोमन लाल बारले, विनय नेताम, चन्द्रप्रकाश सिंह, रेखा देवी, डॉ. सीमा साहू, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, ब्लाक अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, एल्डरमेन संगीता सिंह, संध्या वर्मा, मोहम्मद निजाम, अजीत यादव, शिशिर साहू, संतू मानिकपुरी, तरूण बंजारे, चन्द्रकांत कोरे आदि उपस्थित थे।

### श्रमविभाग ने योजना के तहत बांटे 67 लाख

भूमिपूजन कार्यक्रम में श्रम विभाग ने मिनिमाता महतारी योजना के तहत 60 हितग्राहियों को 12 लाख, नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 255 लोगों को 51 लाख, मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 4 लाख गृहमंत्री के हाथो वितरण कराया। इसके अलावा महिला हितग्राही को ई रिक्शा की चाबी सौंपी।

### महिला फुटकर व्यापारियों ने मंत्री को दिया गुलाब

वार्ड क्रमांक 20 में गृहमंत्री का स्वागत महिला फुटकर व्यापारियों ने गुलाब फूल भेंट कर किया। लगभग 50 से अधिक महिलाएं कतार बद्ध फूल लेकर खड़ी थी। मंत्री ने एक-एक महिला के पास पहुंचे और अभिवादन स्वीकार किया। वहीं बैकुंठधाम मंदिर परिसर में मंत्री ताम्रध्वज का स्वागत करते हुए उन्हें फलों से तौला गया। महिलाओं ने सुआ, पंथी व परपंरागत गीत-नृत्य की प्रस्तुती दी।

विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने ली अधिकारियों की बैठक

# मदर्स मार्केट को मिलेगी नई दिशा, संचालन समिति का गठन करने के दिए निर्देश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मदर्स मार्केट को नई दिशा मिलेगी इसके लिए संचालन समिति का गठन करने कार्य योजना तैयार की जाएगी। मदर्स मार्केट के बेहतर संचालन के लिए आज विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने अधिकारियों के साथ बैठक की। विधायक देवेंद्र ने कहा कि मदर्स मार्केट महिलाओं के उत्थान के लिए एक हब बन चुका है।

इसके लिए संचालन समिति का गठन होने के बाद यह समिति मदर्स मार्केट को एक नई दिशा की ओर ले जाएगी। संचालन समिति में ऊर्जावान लोगों को जोड़ा जाएगा। बेहतर मार्केटिंग एवं पैकेजिंग के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। लोकल कार्यक्रम को इसी प्रांगण में करने की योजना तैयार की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मदर्स मार्केट में 21 दुकाने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाओं को दिया गया है जिसमें महिलाएं दुकानों के माध्यम से फूल एवं बुके का व्यवसाय, गढ़ कलेवा से संबंधित खाद्य सामग्री, अगरबत्ती, फिनाइल, अचार, पापड़, बुटीक के समान, सभी प्रकार के सूखा मीठा आइटम से तमाम प्रकार की सामग्री यहां पर मौजूद है, जिसकी आवश्यकता एक परिवार को होती है। यदि दीपावली त्यौहार की खरीदारी की सोच रहे हैं तो यह मार्केट फायदेमंद साबित होगा।

आज की बैठक में जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस एवं अजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।


समस्त प्रदेशवासियों को धनतेरस एवं दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...


























स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950